mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-05 अंक-267 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
27 सितम्बर 2025 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



## आज माँ कात्यायनी का दिन

नवरात्रि के छठे दिन माता के अलौकिक स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाती है. मां कात्यायनी स्वरूप में माता शेर पर सवार, सिर पर मुकुट सुशोभित है. माता की चार भुजाएं हैं. माना जाता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा अर्चना से विवाह में आ रही परेशानी दूर हो जाती है. नवरात्रि के छठे दिन माता के कात्यायनी स्वरूप की पूजा के लिए सुबह नहाने के बाद साफ वस्त्र धारण कर पूजा का संकल्प लेना चाहिए. मां कात्यायनी को पीला रंग प्रिय है इसलिए पूजा के लिए पीले रंग का वस्त्र धारण करना शुभ होता है. आइए जानते हैं नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी के रूप की पूजा कैसे करनी चाहिए, पूजा की विधि , मंत्र और किस चीज से लगाना चाहिए माता को भोग ।

## बेंगलुरु में दुकानदार-स्टाफ ने महिला को सरेआम लातों से पीटा

प्राइवेट पार्ट पर जूते मारे; शॉप से 92 हजार की साड़ियां चुराने का आरोप लगाया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में एक साड़ी शॉप के दुकानदार और उसके स्टाफ ने साड़ी चुराने के आरोप में एक महिला की बेरहमी से पिटाई की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो सामने आया है, जिसमें दुकानदार और उसके स्टाफ लातों से महिला की पिटाई करते दिखे। एक वीडियो में दिखा कि महिला एक दुकान के सामने बेसुध बैठी थी। दुकानदार ने उसका हाथ पकड़ा और घसीटते हुए सड़क पर ले आया। फिर महिला की पीठ पर जोर से लात मारी। इससे महिला जमीन पर गिर गई। फिर आरोपी ने महिला के प्राइवेट पार्ट पर लात मारी।

दुकानदार ने जूते पहन रखे थे। उसने महिला को फिर से घसीटा। पीठ पर मुक्का मारा। इसके बाद उसके सीने पर दो बार लात मारी। इस दौरान महिला मदद के लिए चिल्लाती रही। उसके आस-पास कई लोग थे, जो तमाशबीन बने रहे। कुछ तो फोन से घटना का वीडियो बनाते दिखे।

## हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री पार्थ को मिली जमानत, दुर्गा पूजा से पहले जेल से होंगे रिहा?

**कोलकाता,एजेंसी।**
कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को शिक्षक भर्ती घाटाले के मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को जमानत दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की जांच कर रही है। पार्थ चटर्जी बंगाल के सरकारी स्कूलों में नौकरी के बदले पैसे घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। उनको प्राथमिक स्कूलों में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में जमानत मिली है। इस मामले में सीबीआई ने पिछले साल 27 दिसंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। यह घोटाला कई हजार करोड़ रुपये का बताया जाता है और बीते कई वर्षों से इसने राज्य की राजनीति को हिलाकर रखा है।

पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी तीन साल से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं। ईडी और सीबीआई की ओर से दर्ज अन्य मामलों में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है।

लद्दाख हिंसा, घायलों में कुछ नेपाली-कश्मीरी

## वांगचुक बोले- मुझे जेल भेजने की तैयारी हो रही; लेह में तीसरे दिन कर्फ्यू



**लेह, एजेंसी।** लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता ने खुलासा किया कि लेह हिंसा के दौरान घायल हुए युवाओं में कुछ नेपाल और कश्मीर के डोडा से हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा- आशंका है कि हिंसा को साजिशन प्रायोजित किया गया, ताकि लद्दाख में तनाव फैले। लेह पुलिस के एक सीनियर अफसर ने बताया कि घायलों में सात नेपाली, जबकि कुछ कश्मीरी हैं। इनका स्थानीय रिकॉर्ड नहीं मिल रहा, इसलिए हिंसा की जांच विदेशी साजिश के एंगल से भी कर रहे हैं। हिंसा में बाहरी लोगों की भूमिका का पता लगाया जा रहा है।

इस बीच, सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लद्दाख की असली समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए मुझ पर हिंसा का आरोप लगा रही है। सरकार पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत मुझे गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

लद्दाख की राजधानी लेह में पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर 24 अगस्त को हिंसा भड़की थी। पुलिस के साथ हुई हिंसक झड़प में 4 युवाओं की मौत हुई थी। 80 घायल हैं, जिनमें 40 पुलिसकर्मी हैं। 60 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। लेह में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू लगा है। स्कूल-कॉलेज कल तक बंद हैं। वांगचुक की NGO का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द उधर, गृह मंत्रालय ने लेह हिंसा के लिए वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। गुरुवार को मंत्रालय ने वांगचुक की एक संस्था स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (SECMOL) का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है।

# 2026 चुनाव के बाद 'सोनार बांग्ला' बनेगा बंगाल दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन में बोले अमित शाह

**कोलकाता,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता के मशहूर संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बंगाल और देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नौ दिनों तक चलने वाला शक्ति की उपासना का यह पर्व आज पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया है। साथ ही उन्होंने इस दौरान मां दुर्गा से प्रार्थना की कि 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में ऐसी सरकार बने, जो राज्य को फिर से 'सोनार बांग्ला' (स्वर्णिम बंगाल) बना सके।

गृह मंत्री ने कहा कि नवरात्रि और दुर्गा पूजा अब सिर्फ बंगाल



और भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ये महान परंपरा अब वैश्विक पहचान बन चुकी है। पूरे नौ दिन राज्य में शक्ति की उपासना होती है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व बंगाल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए और राज्य के विकास के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार किया जा सके।

### बारिश से हुई मौतों पर जताया दुख

इस दौरान शाह ने दुर्गा पूजा की शुरुआत में हुई भारी बारिश और हादसों पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा, त्योहार की शुरुआत एक दुखद घटना से हुई, जहां 10 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। मैं उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। गौरतलब है कि 23 सितंबर को कोलकाता और आसपास के इलाकों में मूसलधार बारिश से कम से कम 11 लोगों की मौत हुई थी।

### विद्यासागर को श्रद्धांजलि

इसके सात ही इस मौके पर शाह ने महान समाज सुधारक और शिक्षाविद ईश्वरचंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर याद किया। उन्होंने कहा कि विद्यासागर जी ने बंगाल ही नहीं, पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया, खासकर महिलाओं की शिक्षा के लिए। उन्होंने अपना जीवन बंगाली भाषा और संस्कृति के लिए समर्पित किया। इसके साथ ही अमित शाह ने सॉल्ट लेक स्थित ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी) में भाजपा समर्थित पश्चिम बंगा संस्कृति मंच के दुर्गा पूजा पंडाल का भी उद्घाटन किया।

महाराष्ट्र-ओडिशा और केरल में लौटते मानसून से भारी बारिश

## तिरुवनंतपुरम में स्कूल-कॉलेज बंद; हैदराबाद में खराब मौसम से 3 फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली/चंडीगढ़/भोपाल/लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर भारत के राज्यों से लौट रहा मानसून इन दिनों दक्षिणी राज्यों में एक्टिव है। मौसम विभाग ने आज महाराष्ट्र, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पाथनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तिरुवनंतपुरम में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। हैदराबाद में खराब मौसम के कारण 3 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में भी भारी बारिश के कारण स्कूल-कॉलेज बंद रखे गए हैं। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर सिस्टम से 28 सितंबर तक महाराष्ट्र और ओडिशा के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। ओडिशा में 18 जिले हाई अलर्ट पर हैं। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में मानसून विदा हो चुका है। गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों से अभी मानसून बाकी है। मध्यप्रदेश से अगले 48 घंटों में मानसून सीजन खत्म हो सकता है। मानसून के महाराष्ट्र से 5 अक्टूबर से पहले लौटने की उम्मीद नहीं है।



## मिग-21 फाइटर की आखिरी उड़ान, एयरफोर्स चीफ ने सवारी की, 62 साल बाद रिटायर हुआ

1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। आज से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं। विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था।




62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस LCA मार्क 1A को शामिल किया जाएगा। MiG-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए।

**रक्षामंत्री बोले- मिग-21 से हमारे साथ काफी यादें जुड़ी हैं-**आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है।

## रूसी उप-प्रधानमंत्री से मिले पीएम मोदी कृषि-उर्वरक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दौरान रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पात्रुशेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कृषि, उर्वरक और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पात्रुशेव से मिलकर खुशी हुई। हमने कृषि, उर्वरक और खाद्य प्रसंस्करण में अपने लाभकारी सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

**पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दी बधाई :**पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दिमित्री पात्रुशेव ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कृषि, उर्वरक, खाद्य प्रसंस्करण



व अन्य साझा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बधाई दी और कहा कि वे 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत में पुतिन का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार मिले

# पीएम ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की, राज्य की 22प्रतिशत महिला वोटर्स को फायदा

**पटना,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में वर्चुअली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। शुक्रवार को 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की।

2020 के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में महिला वोटर्स की संख्या करीब 3.39 करोड़ है। इसके अनुसार करीब 22 फीसदी महिला वोटर्स को आज शुरू हुई योजना का फायदा मिलेगा।

जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, अगर देश ने जन-धन योजना के तहत 30 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों के खाते न खुलवाए होते तो क्या आज इतने पैसे हम सीधे आपके खाते में भेज पाते।

आज जो पैसे भेजे जा रहे हैं, वो पूरे आपके खाते में जमा होंगे। कोई एक पैसा नहीं मार सकता है।



पहले योजना का पैसा आप तक पहुंचने से पहले लूट जाता था।

एक भाई तब ही खुश होता है, जब उसकी बहन स्वस्थ हो, परिवार खुश हो। आज आपके दो भाई नरेंद्र और नीतीश मिलकर बहनों के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**पीएम बोले- बिहार में नीतीश के नेतृत्व में कानून का राज :**पीएम ने कहा, आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में फोर्स-पुलिस में आ रही हैं। आज हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हमें वो दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद की सरकार थी।

अराजक की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं ने ही झेली है। उस समय सड़क, पुल-पुलिया का नाम तक नहीं था, इन चीजों से सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को ही होती थी। राजद के राज में बिहार में खौफ था। नक्सली आतंक बेहिसाब था। इसका दर्द सबसे ज्यादा महिलाओं को सहना पड़ता था।

### जीविका दीदी की बातें सुनकर मुस्कुरा दिए पीएम

भोजपुर की रीता देवी की बातें सुनकर प्रधानमंत्री मुस्कुरा दिए। उन्होंने कहा, आप कितनी जल्दी-जल्दी बोलती हैं। आपने तो इतनी सारी योजनाएं गिनवा दीं। पीएम ने हाथ जोड़कर रीता देवी का अभिवादन किया। गयाजी के नूर जहां खातून की बातें सुनक पीएम ने कहा, आपने बढ़िया तरीके से बताता। मेरा एक काम करेंगी। आप हफ्ते में 50 दीदी को इकट्ठा कर के अपनी बातों को समझाइए। उन लोगों को इससे प्रेरणा मिलेगी।

### नीतीश का लालू पर हमला, बोले- हटा तो पत्नी को सीएम बनाया

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी ऑनलाइन जुड़े थे। उन्होंने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा, बिहार में पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। 24 नवंबर 2005 से जब से NDA की सरकार बनी हम काम में लगे हैं। अब बिहार में कानून का राज है। हमने शुरू से महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। नीतीश ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, ये तो हट गया था 7 साल के बाद तो पत्नी को बना दिया सीएम। इससे पहले कोई ऐसा किया था। वो केवल अपने परिवार को देखते हैं। हमलोग जनता के लिए काम करते हैं। हमने बिहार के विकास के लिए काम किया है।

## प्रियंका बोलीं-आपके बिना सरकार बनाना मुश्किल, इसलिए पैसे दे रहे



### पटना में महिला संवाद में कहा- पलायन के कारण आपके पति बाहर, आप यहां अकेली हैं

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी पटना में महिलाओं से संवाद किया। करीब एक घंटे चले इस कार्यक्रम में प्रियंका गांधी ने कहा, आप अपनी शक्ति को नहीं पहचानती हैं। लेकिन पार्टियां समझ रही हैं। इसलिए चुनाव से पहले आपको पैसे दिए जा रहे हैं।

उन्हें पता है कि आपके समर्थन के बिना वो सरकार नहीं बना सकते हैं। आप अपनी शक्ति अपने सम्मान को पहचानिए।

बेरोजगारी और गरीबी पर बोलते हुए उन्होंने कहा, यहां रोजगार के साधन नहीं है। पलायन के कारण आपके पति बाहर मजदूरी करते हैं और आपको यहां अकेले रहना पड़ता है। संवाद के बाद प्रियंका गांधी ने मंच पर मौजूद महिलाओं के साथ सेल्फी ली और हम होंगे कामयाब गाना भी गाया।

### प्रियंका ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं

सदाकत आश्रम में करीब 2000 महिलाओं के साथ प्रियंका ने संवाद किया। शक्ति अधिकार नाम से हो रहे इस कार्यक्रम में मंच पर महिलाओं ने एक-एक कर प्रियंका गांधी को अपनी समस्या बताई। इनमें घरेलू काम करने वाली महिलाएं, मनरेगा में मजदूरी करने वाली महिलाएं, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी महिलाएं, आशा वर्कर, प्रोफेशनल वकील-डॉक्टर महिलाएं शामिल रहीं। प्रियंका के कार्यक्रम में पहुंचने से पहले महिलाओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे भी लगाए।

## तेजप्रताप की नई पार्टी, पोस्टर में गांधी-कर्पूरी की फोटो,लालू-राबड़ी गायब

अखिलेश सिंह बोले- नीतीश को बीजेपी ने कठपुतली बनाकर रखा है

**पटना,एजेंसी।** बिहार में 6 अक्टूबर के बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। इस बीच पॉलिटिकल पार्टियों ने अपनी एक्टिविटी तेज कर दी है। बड़े सियासी चेहरे चुनावी सभा कर रहे हैं। चुनाव को करीब आता देख लालू यादव के बेटे तेजप्रताप ने अपनी नई पार्टी का ऑफिशियल ऐलान किया है। इधर, लालू यादव ने कहा है कि किसानों को रुलाने वाली 20 सालों की निर्दयी NDA सरकार को बदलने का वक्त आ गया है। RJD से निकाले गए लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने अपनी नई पार्टी बना ली है।

# तीन दिन में फर्जी ट्रेडिंग एप की मदद से जालसाजों ने की तीन करोड़ की ठगी, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कंबोडिया से संचालित जालसाजों के गिरोह में शामिल साइबर ठगों ने तीन दिन में फर्जी ट्रेडिंग एप की मदद से तीन करोड़ की ठगी को अंजाम दिया है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों माणिक अग्रवाल, शनमिया खान, मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी और अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर के पास से चार हाई-टेक मोबाइल बरामद किए हैं। जिसमें आपत्तिजनक चैट, धोखाधड़ी वाले लेन-देन का विवरण मिला है। पुलिस ने आरोपियों के खातों में तीन दिन में तीन करोड़ का लेन-देन बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया, पीड़ित टी सिंह ने पुलिस को अपने साथ ठगी की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस को दी गई शिकायत में उन्होंने बताया कि 10 जून को अनाया कपूर नाम की एक युवती ने उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप ÷101 शून्य वेल्थ सर्कल÷ जोड़ा था। ग्रुप के मुख्य निवेश अधिकारी होने का दावा करने वाले एक शख्स सरवजीत सिंह विर्क ने पीड़ित के नाम पर 34 लाख के आईपीओ आवंटन करने का वादा किया। आरोपी ने पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए उसके एसबीआई खाते में पांच हजार रुपये जमा किए और फिर एप में आठ लाख की फर्जी ऋण प्रविष्टि दिखाई गई। पीड़ित को बताया गया कि ऋण नहीं चुकाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित को बार-बार धमकी दी गई और पैसे देने का दवाब बनाया गया। पीड़ित ने 11 अगस्त 2025 को आठ लाख चार हजार रुपये आरोपियों के बताए गए खातें में स्थानांतरित कर दिया। आरोपियों ने पैसे पहुंचने के बाद पीड़ित के सभी खाते बंद कर दिए और अपने नंबर बंद कर लिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**निजी कंपनी का अकाउंटेंट गिरफ्तारः** एसआई अमित कुमार, हेड कांस्टेबल संजय, सचिन और मनोज की टीम तकनीकी निगरानी, डिजिटल फुटप्रिंट विश्लेषण और मनी ट्रेल जांच के माध्यम से उस खाते की जानकारी प्राप्त की जिसमें ठगी



के पैसे गए थे। खाते से लिंक मोबाइल नंबर की जानकारी निकाल कर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में छापेमारी कर निजी कम्पनी के अकाउंटेंट का काम करने वाले माणिक अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। माणिक अग्रवाल ने अपना खाता आरोपियों को ठगी की रकम मंगवाने के लिए दिया था। जिसके एवज में उसे कमीशन मिलता था। माणिक से पूछताछ के बाद अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर और मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने अब्दुल्ला को खुर्जा से और मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया। आमिर जालसाजों के लिए बैंक खातों का इंतजाम करता था। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद शनमिया खान को मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया गया। शनमिया खान मुख्य आरोपी है जो कंबोडिया से ठगी का गिरोह चलाने वाले हैंडलर जैक से सीधे सम्पर्क में था। तकनीकी विश्लेषण से यह भी पता चला कि पीड़ितों को लुभाने के लिए इस्तेमाल किए गए व्हाट्सएप नंबर कंबोडिया में सक्रिय थे, जिससे इस साइबर धोखाधड़ी के अंतर्राष्ट्रीय सम्पर्क सामने आए हैं। वारदात के दौरान सभी आरोपी दिल्ली में मौजूद थे।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि चारों आरोपी अपने राज्यों से ठगी की वारदात को अंजाम देने के लिए दिल्ली आ जाते थे। उन्होंने एक फाइव स्टार होटल में रूम बुक किया था। जहां से वारदात को अंजाम देते थे। सीसीटीवी विश्लेषण से पुष्टि हुई कि आरोपी धोखाधड़ी की गतिविधियों को अंजाम देते समय दिल्ली के होटल में एक साथ रुके थे।

**एक अकाउंट, 16 शिकायतें, तीन करोड़ का लेन-देनः** पुलिस की जांच में सामने आया है कि गृह मंत्रालय के पोर्टल पर 16 शिकायतों में ठगी के लिए रकम मंगवाने के लिए एक अकाउंट का इस्तेमाल किया गया है। यह अकाउंट आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का है और माणिक अग्रवाल से संबंधित हैं। इस अकाउंट में आरोपियों ने दिल्ली में रूकने के दौरान तीन दिन में तीन करोड़ रुपये की ठगी की रकम मंगवाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने माणिक जहां निजी कम्पनी का अकाउंटेंट हैं। वहीं, अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर अपना साइबर कैफे चलाता है। मुख्य आरोपी शनमिया खान स्क्रैप कारोबारी हैं।

## घटा वाहनों का घनत्व, मेट्रो पर बढ़ा भरोसा ; सड़क हादसों में भी आई कमी

**दिल्ली ,एजेंसी।** राजधानी में वाहनों की संख्या का दबाव घटा है। प्रति हजार आबादी पर वाहनों की संख्या 2015-16 में 530 थी जो 2023-24 में घटकर 373 रह गई। इस अवधि में सड़क हादसों में भी कमी दर्ज की गई। 2015 में 8,085 सड़क हादसे हुए थे। वहीं, 2022 में इनकी संख्या घटकर 5,560 रह गई। यह जानकारी हाल ही में निदेशालय आर्थिक एवं सांख्यिकी की ओर से जारी दिल्ली स्टेट फ्रेमवर्क इंडिकेटर रिपोर्ट में सामने आई है।



रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर बसों की संख्या 2015-16 के 5,842 से बढ़कर 2023-24 में 7,485 हो गई है। हालांकि, इन बसों में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की औसत संख्या 46 लाख से घटकर 42 लाख रह गई। रिपोर्ट बताती है कि मेट्रो में यात्रियों का भरोसा लगातार बढ़ा है। 2015-16 में जहां औसतन 26 लाख यात्री रोजाना मेट्रो से सफर करते थे। वहीं, 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 58 लाख तक पहुंच गई। दिल्ली की आबादी में सार्वजनिक परिवहन तक पहुंच भी उतार-चढ़ाव भरी रही।

**सड़क हादसों में कमीः** सड़क सुरक्षा के लिहाज से भी तस्वीर पहले से बेहतर हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2015 में सड़क हादसों में मरने या घायल होने वालों की संख्या 9,880 थी जो 2021 में घटकर 5,228 रह गई। हालांकि, 2022 में इसमें हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह संख्या 6,174 तक पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक सरकार का लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को सुरक्षित, किफायती, सुलभ और टिकाऊ परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराई जाए।

## प्लॉट में निवेश के नाम पर ठगी में बिग बुल का निदेशक गिरफ्तार, अदालत ने किया था भगोड़ा घोषित

**दिल्ली ,एजेंसी।** निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी में बिग बुल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि के निदेशक योगेश शर्मा को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। योगेश पर अपने प्री-लॉन्च प्रोजेक्ट बिग बुल आशियाना में निवेश का झांसा देकर 31 निवेशकों से करीब 2.31 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया था।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि जून, 2018 में 31 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिग बुल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. के चंदवाजी जयपुर स्थित परियोजना में उनसे करोड़ों रुपये लेने के बाद आरोपियों ने कार्यालय बंद कर दिया।निवेशकों को न तो प्लॉट दिया गया और न ही कोई निर्माण कार्य ही किया गया। आवासीय परियोजना के लिए खरीदी गई जमीन भी किसी अन्य को बेच दी। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने 24 सितंबर को नोएडा सेक्टर 120 स्थित घर से योगेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि योगेश ने एमबीए किया है। उसके खिलाफ जयपुर, नोएडा सेक्टर 20 और आर्थिक अपराध शाखा में धोखाधड़ी और राजौरी गार्डन में दहेज प्रताड़ना के मामले दर्ज हैं।

**किसी और को बेच दी 18 बीघा जमीनः** कंपनी ने जयपुर में प्लॉट देने का वादा कर पीड़ितों से निवेश करवाया। इनके पैसे से चंदवाजी में 18 बीघा जमीन खरीद किसी अन्य को बेच दी। निदेशक योगेश शर्मा ने गुमराह करने के लिए जमीन पर परियोजना के कई बोर्ड लगा रखे थे। बुकिंग से पूर्व जमीन को आवासीय उपयोग में बदलने की अनुमति भी नहीं ली। आरोपी योगेश ने निवेशकों की रकम से कहीं और जमीन खरीद ली।

## टेक्नॉलोजी का सहारा लेगें जटायू, ड्रॉन से बताएंगे माता का पता

**पूर्वी दिल्ली,एजेंसी।** यदि टेक्नोलॉजी और भक्ति को मिला दिया जाए, तो क्या हो... शायद वहीं जो दिल्ली के कड़कड़डूमा में हो रहा है, खूब सारी चर्चाएं और युवाओं में उत्सुकता भरा इंतजार। इस बार रामलीला प्रेमी टेक्नोलॉजी और इतिहास का अद्भुत संगम देखेंगे। पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित सीबीडी ग्राउंड की रामलीला इस बार दर्शकों के लिए कुछ बेहद खास लेकर आ रही है। इस वर्ष श्री बालाजी रामलीला कमेटी ने परंपरा को नए अंदाज में पेश करने का फैसला किया है। पहली बार रावण और जटायु का भीषण युद्ध जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान में दिखाई देगा। इस अनोखे मंचन के लिए दो हाई-टेक ड्रोनों का इस्तेमाल किया जाएगा, जो उड़ते हुए रावण और जटायु के युद्ध दृश्य को जीवंत बना देंगे। खास लाइटिंग और ध्वनि प्रभाव के साथ यह दृश्य इतना वास्तविक लगेगा कि दर्शक खुद को रामायण के उस प्रसंग में मौजूद महसूस करेंगे। आयोजकों का कहना है कि दिल्ली की किसी भी रामलीला में ऐसा प्रयोग पहली बार हो रहा है और इसका मकसद दर्शकों को तकनीक और परंपरा का शानदार संगम दिखाना है। यह नया प्रयोग न केवल बच्चों और युवाओं को आकर्षित करेगा, बल्कि हर उम्र के दर्शकों को एक यादगार अनुभव देगा। कमेटी के प्रधान रमेश शर्मा ने बताया कि इस साल रामलीला में कई तकनीकी नवाचार जोड़े जा रहे हैं, ताकि युवा पीढ़ी को भी इससे जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि दर्शक पहली बार देखेंगे कि जटायु और रावण हवा में उड़ते हुए लड़ रहे हैं। ड्रोनों में खास लाइटिंग और साउंड इफेक्ट लगाए गए हैं, जिससे यह दृश्य और भी रोमांचक बनेगा। हमारा उद्देश्य है कि लोग न सिर्फ कथा से जुड़ें नहीं बल्कि तकनीक के माध्यम से इसे और जीवंत अनुभव करें।

## दिल्ली नगर निगम ने संपत्तिकर निपटान योजना की अवधि तीन माह बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने करदाताओं को राहत देते हुए अपनी संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) 2025-26 की अवधि को तीन माह के लिए बढ़ा दिया है। निगम ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अब यह योजना 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर तय थी। निगम के अनुसार इस विस्तार के दौरान योजना की सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी। हालांकि एक अक्टूबर से 31 दिसंबर के बीच भुगतान करने वालों को मूल कर राशि पर दो फीसदी विलंब शुल्क देना होगा। एमसीडी ने जानकारी दी कि एक जून से शुरू हुई इस योजना में अब तक लगभग 1.16 लाख करदाताओं ने भाग लिया है, जिससे निगम को 370.27 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें से 65,874 नए करदाताओं ने भी कर भुगतान किया, जिससे निगम को अतिरिक्त 187.8 करोड़ का लाभ हुआ। नगर निगम ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाते हुए समय पर संपत्तिकर का भुगतान करें और विलंब शुल्क से बचें।

## चोरी की बाइक पर मोबाइल लूटते थे, चार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड (एएटीएस) ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया जो चोरी की बाइक पर मोबाइल फोन लूटते थे। बाद में मोबाइल के रिसीवर इनका लॉक तोड़कर बेच देते थे। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को पकड़ा है। इनमें दो झपटमार और दो मोबाइल के रिसीवर हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गौरव उर्फ किशन (33), वरुण कश्यप उर्फ चिंटू (27), हामिद (32) और किशन किशोर उर्फ शिवम (24) के रूप में हुई है। गौरव व वरुण मोबाइल झपटकर हामिद व शिवम को बेच देते थे। हामिद व शिवम इन मोबाइल फोन को अनलॉक करने के बाद उनको अच्छे दामों में बेच देते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के कुल 52 मोबाइल फोन, चोरी की दो बाइक बरामद हुई है। इनकी गिरफ्तारी से मोबाइल व बाइक चोरी के छह मामले सुलझे हैं।

## पहली बार दिल्ली की रामलीला में शामिल हुए पानीपत वाले हनुमान जी, इसलिए है दूर-दूर तक ख्याति



**दिल्ली, एजेंसी।** विवेक विहार स्थित डीडीए ग्राउंड में सजी भव्य रामलीला में इस बार एक नया अध्याय जुड़ गया है। आयोजकों ने दावा किया है कि इस बार दिल्ली की रामलीला में पहली बार पानीपत वाले हनुमान जी शामिल हुए हैं। वह राम जी के बराती बनकर सीता मां के द्वार पर ढोल बाजे के साथ पहुंचे। बरात में करीब 300 लोग शामिल हुए जिसमें कमेटी के लोग भी मौजूद रहे। भव्य रामलीला सोसाइटी के प्रधान सतीश लूथरा ने बताया कि बरात के दौरान, हनुमान जी केवल एक ही नहीं, बल्कि कई अलग-अलग रूपों में दिखाई दिए। इसके लिए पानीपत के हनुमान जी के विशेष दल को आमंत्रित किया गया था। उनका कहना है कि पानीपत के हनुमान जी की उपस्थिति से लोगों में जिज्ञासा उत्पन्न हुई, जिससे कि अधिक संख्या में लोग मैदान में पहुंचे।

**कौन हैं पानीपत वाले हनुमान जीः** पानीपत वाले हनुमान जी अपने अनूठे स्वरूप और सख्त नियम की वजह से मशहूर हैं। वह अपने पूरे शरीर पर सिंदूर का लेप लगाते हैं और अपने सिर पर एक बड़ा सा हनुमान जी मुखौटा पहनते हैं। खास बात यह है कि वह हनुमान जी का स्वरूप धारण करने के लिए शुरुआत कर देते हैं।

पति ने बिगाड़ दिया गुड़िया का चेहरा

## चाकू से किए 12 वार, सलीम को छोड़ उसके दोस्त राजू संग रहने लगी थी पत्नी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रताड़ना से परेशान होकर एक महिला अपने पति से अलग हो गई। उसने दूसरी शादी कर एक नई जिंदगी की शुरुआत की। यह बात उसके पहले पति को इतनी अखरी कि उसने पत्नी गुड़िया पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने करीब दर्जनभर चाकू मारकर उसका पूरा चेहरा खराब कर दिया।

वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। करीब चार माह तक वह पुलिस की आंख में धूल झोंकता रहा, लेकिन अब उत्तरी जिला की कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। इसकी पहचान सलीम उर्फ सलीम शेख के रूप में हुई है। आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस लगाता उसकी तलाश कर रही थी।

आरोपी पहले भी हत्या के प्रयास, लूटपाट समेत चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। फरार होने के दौरान वह लगातार पहली पत्नी को कॉल कर उसको धमका रहा था। पुलिस जब भी उसकी लोकेशन पर पहुंचती आरोपी वहां से भागने में कामयाब हो जाता। अब पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि 9 मई 2025 को कश्मीरी गेट के हनुमान सेतु के पास गुड़िया नामक महिला के चेहरे पर अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला किया था। पीड़िता को इलाज के लिए अरुणा आसफ अली अस्पताल भर्ती कराया गया। घटना के दो दिन बाद पीड़िता ने अपना बयान दिया।

पीड़िता गुड़िया ने बताया कि सात साल पहले उसकी सलीम नामक युवक से शादी हुई थी। उसके यहां तीन बच्चे हैं। उसका पति रिक्शा चलाता था वहीं वह खुद गढ़ी मेंडू इलाके में रोड पर सिगरेट-गुटका बेचती थी। सलीम शराब पीकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था, इसलिए लगभग एक महीने पहले वह उससे अलग रहने लगी।

इस बीच उसकी मुलाकात सलीम के दोस्त राजू से हुई। दो मई को उसने राजू से कोर्ट मैरिज कर ली। दोनों कैथवाड़ा में किराए के घर में रहने लगे। घटना वाले दिन सलीम उससे उस्मानपुर, पहले पुश्ता पर मिला और उसे कश्मीरी गेट के पास हनुमान मंदिर ले गया।

## वैश्विक संघर्षों पर कुछ देशों का दोहरा मानदंड; जयशंकर ने बिना नाम लिए अमेरिका पर साधा निशाना




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** बिना अमेरिका का नाम लिए जयशंकर ने कहा, कुछ देश वैश्विक संघर्षों के प्रति जिस तरह का रवैया अपनाते हैं, उसमें दोहरे मानदंड स्पष्ट दिखाई देते हैं। पहले से ही नाजुक आर्थिक माहौल में ऊर्जा जैसी जरूरी चीजों को और अनिश्चित बनाना किसी का भला नहीं करता बल्कि केवल मतभेदों को और गहरा करता है।

जयशंकर दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में बोल रहे थे। जयशंकर ने अपने भाषण का केंद्र शांति और विकास के बीच संबंधों पर रखा। उन्होंने कहा, शांति निश्चित रूप से विकास को संभव बना सकती है, लेकिन विकास को खतरे में डालकर हम शांति को बढ़ावा नहीं दे सकते। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बातचीत और कूटनीति की ओर बढ़ने का आग्रह किया। इस दौरान विदेश मंत्री ने आतंकवाद को विकास के लिए एक स्थायी खतरा बताया और कहा कि विश्व समुदाय को इसके प्रति न तो सहिष्णुता दिखानी चाहिए और न ही कोई रियायत देनी चाहिए। जयशंकर ने स्पष्ट कहा, विकास के लिए सबसे बड़ा व्यवधान आतंकवाद है।

## ट्रंप से मुलाकात के लिए इंतजार करते रहे शहबाज-मुनीर व्हाइट हाउस से बैठक के तस्वीर-वीडियो तक जारी नहीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से व्हाइट हाउस में मुलाकात की। हालांकि, इस बैठक में किस बात पर चर्चा हुई, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। ट्रंप पहले ही मीडिया से बातचीत के दौरान बैठक में देर होने की बात कह चुके थे। हालांकि, अब एक और पहलू ने इस मुलाकात को रहस्यमयी बना दिया है। दरअसल, व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रंप-शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो बैठक के कई घंटों बाद भी जारी नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि व्हाइट हाउस में यह प्रथा रही है कि डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक से पहले उनकी और उनसे मुलाकात करने वाले राष्ट्राध्यक्षों की तस्वीर रिलीज होती है। कई बार बैठक के बाद भी



व्हाइट हाउस बैठकों की तस्वीर या वीडियो रिलीज करता है। इन सबसे इतर ट्रंप बैठक के बाद संबंधित राष्ट्राध्यक्ष के साथ मीडिया से अनौपचारिक या औपचारिक तौर पर मुखातिब होते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के मामले में ऐसी कोई भी तस्वीर या वीडियो अब तक व्हाइट हाउस ने जारी नहीं किया है।

गौरतलब है कि गुरुवार को ही ट्रंप ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन से मुलाकात की थी। इसकी तस्वीरें और मीडिया से दोनों की बातचीत का वीडियो भी व्हाइट हाउस की तरफ से जारी किया गया था। हालांकि, पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्षों के साथ ट्रंप की तस्वीरें या वीडियो व्हाइट हाउस की तरफ जारी न होना कई लोगों में कौतूहल पैदा कर गया।

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी सफाईः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, इस बैठक में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो शामिल थे। पाकिस्तानी पीएमओ ने दावा किया कि बैठक अच्छे माहौल में हुई, लेकिन यह आधे घंटे की देरी शुरू हुई और इसे प्रेस के लिए नहीं खोला गया था। पीएम कार्यालय ने बैठक में देरी की वजह साफ करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से कई कार्यकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जा रहे थे, इसलिए बैठक देर से शुरू हुई।

**व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख-पीएम की फजीहत; ट्रंप ने कराया इंतजार, बोले- बैठक में देर हो गई**

ट्रंप और शरीफ-मुनीर की मुलाकात की कुछ तस्वीरें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेशी न्यूज एजेंसियों की तरफ से जारी की गई हैं। इनमें तीनों को बैठक करते देखा जा सकता है। इसके अलावा एक तस्वीर में ट्रंप को दोनों नेताओं के साथ अपने आदतन थंब्स अप पोज में देखा जा सकता है।

## अमेरिका में चलता रहेगा टिकटॉक, जिनपिंग की मंजूरी के बाद ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अनुसार टिकटॉक को अमेरिका में इस तरह से काम करना जारी रखने की अनुमति होगी, जो कानून द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं को पूरा करता हो।

पिछले साल तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि चीन की कंपनी बाइटडांस को अगले साल की शुरुआत तक टिकटॉक की अमेरिकी संपत्तियों को किसी अमेरिकी कंपनी को बेच देना होगा, नहीं तो पूरे अमेरिका में इस एप पर प्रतिबंध लग जाएगा। लेकिन ट्रंप ने कई आदेशों पर हस्ताक्षर किए, जिनसे टिकटॉक को अमेरिका में काम करना जारी रखने की अनुमति मिली, जबकि उनका प्रशासन सोशल मीडिया कंपनी की बिक्री के लिए एक समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है।

**चीनी नेता ने सौदे को दी मंजूरीः ट्रंप** अभी तक इस सौदे के बारे में बहुत कम जानकारी सामने आई है, लेकिन ट्रंप ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसे मंजूरी दे दी है। टिकटॉक में कोई बड़ा बदलाव अमेरिका में खासकर युवा और किशोरों के ऑनलाइन खबरों और जानकारी के तरीके पर बड़ा असर डाल सकता है। हालांकि, वाशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया कि चीन ने प्रस्तावित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं या नहीं।



**अमेरिका में 43 फीसदी लोग टिकटॉक से प्राप्त करते हैं खबरेंः** रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में 30 वर्ष से कम उम्र के लगभग 43 फीसदी लोग नियमित रूप से टिकटॉक से खबरें प्राप्त करते हैं, जो यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम समेत किसी भी अन्य सोशल मीडिया एप की तुलना में अधिक है।

**अमेरिकी निवेशकों के संघ के पास होगा एप का स्वामित्वः** व्हाइट हाउस द्वारा अब तक बताए गए सौदे की शर्तों के मुताबिक, एप को नए अमेरिकी संयुक्त उद्यम में बदल दिया जाएगा, जिसका स्वामित्व अमेरिकी निवेशकों के एक संघ के पास होगा। इसमें ओरेकल और निवेश फर्म सिल्वर लेक पार्टनर्स शामिल हैं। अभी तक सामने आई जानकारी के अनुसार, नए उद्यम में निवेशकों की हिस्सेदारी लगभग 80 फीसदी होगी, जबकि बाइटडांस की हिस्सेदारी 20 फीसदी या उससे कम होगी। बोर्ड का नियंत्रण अमेरिकी निवेशकों के पास होगा। बाइटडांस को बोर्ड में केवल एक व्यक्ति द्वारा प्रतिनिधित्व मिलेगा, लेकिन वह किसी भी सुरक्षा मामलों या संबंधित समितियों में शामिल नहीं होगा।

**टिकटॉक के नए मालिकों में कई लोग शामिलः** टिकटॉक के नए मालिकों में कई लोग शामिल हैं, जिनका व्यापार या राजनीतिक संबंध ट्रंप से जुड़ा है। इनमें ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन और रूपर्ट मर्डोक शामिल हैं। इससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या राजनीतिक प्रभाव का असर इस प्लेटफॉर्म पर होगा। हालांकि, एलिसन ने एक दशक से अधिक समय पहले ओरेकल के सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अब भी इसके संचालन में सक्रिय हैं। इसके अलावा, ट्रंप ने डेल के संस्थापक माइकल डेल को भी नए उद्यम में निवेशक के रूप में बताया है।

**ट्रंप ने वामपंथी आतंकवाद पर कार्रवाई के आदेश दिएः** इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने प्रशासन को वामपंथी आतंकवाद के समर्थकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बिना सबूत दो बड़े डेमोक्रेटिक दानदाताओं-अरबपति जॉर्ज सोरोस और रीड हॉफमैन पर आरोप लगाया कि वे सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों को वित्तपोषित कर रहे हैं। ट्रंप ने एफबीआई के संयुक्त आतंकवाद कार्यबल को इस कार्रवाई की कमान दी है। इसके साथ ही ट्रेजरी विभाग समेत अन्य एजेंसियों को भी घरेलू आतंकवाद और राजनीतिक हिंसा को वित्तपोषित करने वाले नेटवर्क की पहचान कर उन्हें नष्ट करने के लिए कहा गया है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नौगवां धीर सिंह में रक्त परीक्षण शिविर आयोजित

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय द्वारा गोद ग्राम नौगवां धीर सिंह स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्त परीक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



बरसात के मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और मलेरिया के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए शिविर में कुल 87 छात्र-छात्राओं का मलेरिया टेस्ट किया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. हरिओम सिंह के नेतृत्व में आई टीम ने न केवल रक्त परीक्षण किया, बल्कि मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी भी विद्यार्थियों एवं स्टाफको दी। साथ ही उपस्थित सभी को बीमारी से बचाव हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा भार्गव ने की एवं संयोजक की भूमिका डॉ. उमाकांत साहू ने निभाई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सोनी, इको क्लब प्रभारी डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. रविंद्र नाथ सिंह, डॉ. अशफाक अहमद, टी.के. मार्के, वेदराज जायसवाल, जयवीर सिंह सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से रक्त परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### शासकीय महाविद्यालय मड़वास में हुआ रक्त परीक्षण शिविर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय मड़वास में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास के सहयोग से रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने स्वयं रक्त परीक्षण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और उपस्थित छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास से अनिल गौतम, लैब टेक्नीशियन ने रक्तदान और रक्त परीक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रभारी डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया। रक्त परीक्षण शिविर के संयोजक डॉ. निशा सिंह एवं डॉ. ज्योति रजक थे, जबकि उपस्थित लोगों का आभार डॉ. सौरभी गुप्ता ने व्यक्त किया। रक्त परीक्षण शिविर में महाविद्यालय के कुल 52 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपना रक्त परीक्षण करवाया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास से प्रदीप पांडेय लैब असिस्टेंट एवं संतोष सोनी, लैब सहायक उपस्थित थे।

## मां बेटे को टेबल फैन से लगा करंट, मौत; तार कटा होने के कारण हादसा

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के भाऊ खाड़ गांव में गुरुवार देर रात को टेबल फैन से करंट लगने से मां (25) और उसके 2 साल के बेटे की मौत हो गई। माडा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा के अनुसार, गर्मी के कारण शिवानी बसोर रात में टेबल फैन का तार प्लग में लगा रही थी। तार कटा होने के कारण उसे करंट लग गया। वह तुरंत जमीन पर गिर गई। कुछ देर बाद उसका बेटा (2) प्यारे लाल मां के पास आया। बच्चे ने जब मां को छुआ तो उसे भी करंट लग गया।

घटना का पता तब चला जब शिवानी की ननंद कमरे में पहुंची। उसने मां-बेटे को बेहोश देखा और बिजली का तार को भी नोटिस किया। उसने तुरंत घर के अन्य सदस्यों को बुलाया। बिजली का तार अलग करने के बाद पता चला कि दोनों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा किया और जांच शुरू कर दी है। शिवानी के पति इस समय पंजाब में मजदूरी कर रहे हैं।

## पिपरिया गांव में मुरूम से भरी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त, पिछले दो दिनों में पांच वाहन पकड़े; अवैध खनन पर कार्रवाई जारी



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** अवैध खनन के खिलाफ पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई जारी है। सोहागपुर पुलिस और खनिज विभाग की टी

सोहागपुर पुलिस ने पिछले दो दिनों में खनिज विभाग के साथ मिलकर कुल पांच वाहनों को जब्त किया है। बुधवार को सोहागपुर थाना क्षेत्र से मुरूम से लदे तीन मिनी ट्रक पकड़े गए। इसी दिन देवलौद पुलिस ने अवैध रेत परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर भी जब्त किए।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिपरिया गांव के पास से एक और ट्रैक्टर को पकड़ा गया। पकड़े गए चालक से वाहन मालिक की जानकारी ली गई है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह अभियान निरंतर जारी है।

## बस कंडक्टर से दिनदहाड़े लूट, 10 बाइक सवार युवकों ने रोका रास्ता; मारपीट कर छीने रुपए और मोबाइल

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक बस कंडक्टर से लूट की वारदात सामने आई है। कुसमी थाना क्षेत्र के देवार्थ नौढिया में मिश्रा बस के कंडक्टर अखिलेश मिश्रा से गुरुवार शाम बदमाशों ने लूटपाट की।

घटना उस समय हुई जब बस बेलहा महुआ से देवार्थ नौढिया जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार 10-12 युवकों ने सड़क पर बस को रोक लिया। बदमाशों ने कंडक्टर को जबरन बस से उतारा। उनसे नकदी और मोबाइल छीन लिया।

हमलावरों ने लाठी-डंडों से कंडक्टर की पिटाई की। इस हमले में अखिलेश के सिर, पैर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया है।

**शिकायत पर आरोपियों की तलाश:** थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने बताया कि कंडक्टर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही है। क्षेत्र के लोगों में इस घटना से डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी जरूरी है। इससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ने की आशंका है।

# सीधी पुलिस ने पकड़ी 1.12 करोड़ की अवैध शराब

## सिंगरौली होते हुए झारखंड जा रहा था कंटेनर, वॉट्सएप कॉल से चल रहा था तस्करी का नेटवर्क

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले की बहरी थाना पुलिस ने एक कंटेनर से ?1.12 करोड़ रुपए की अवैध शराब जब्त की है। यह कंटेनर चंडीगढ़ से चला था और सिंगरौली होते हुए झारखंड की ओर जा रहा था।

थाना प्रभारी राजेश पांडेय के मुताबिक, 25 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कंटेनर सीजी 04 पीजे 2105 भारी मात्रा में शराब लेकर एनएच-39 से गुजरने वाला है। पुलिस टीम ने तुरंत पाठक ढाबा के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कंटेनर चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओम प्रकाश विश्नोई (निवासी कोटड़ा, जिला जालौर, राजस्थान) के रूप में हुई है।



जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी चालक को माल की अंतिम डेस्टिनेशन का सटीक पता नहीं था। उसे हर 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद लोकेशन बदलने की सूचना वॉट्सएप कॉलिंग के जरिए दी जाती थी। इससे स्पष्ट है कि तस्करी का यह पूरा नेटवर्क पुलिस को चकमा देने के लिए हाईटेक तरीके से ऑपरेट हो रहा था।

कंटेनर की तलाशी में 690 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इन पेटियों में 16,140 बोतलें थीं, जिनकी मात्रा लगभग 6,124 लीटर है। जब्त शराब की किस्मों में मैकडावल नं.1 व्हिस्की और इंपीरियल ब्लू व्हिस्की (विभिन्न पैकिंग में) शामिल हैं।

**एसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की:** एसपी संतोष कोरी ने बताया कि ड्राइवर को गंतव्य की जानकारी नहीं थी और पूरा नेटवर्क कंट्रोल रूम की तरह वॉट्सएप कॉलिंग से चल रहा था। उन्होंने कहा, जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी जब्तियों में से एक है।

एसपी ने कार्रवाई में शामिल थाना प्रभारी राजेश पांडेय, उप निरीक्षक एस.एल. वर्मा, जे.एन. श्रीवास्तव, रामसुन्दर साकेत, आर. प्रभात तिवारी और आर. अवधेश कुशवाहा की टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

## जिला सतर्कता समिति एवं टास्कफोर्स समिति की बैठक 29 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** सहायक श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल एवं किशोर श्रम प्रथा समाप्ति के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति तथा बंधक श्रम उन्मूलन अधिनियम 1976 के अंतर्गत गठित जिला सतर्कता समिति की बैठक 29 सितम्बर 2025 को आयोजित की जाएगी।

यह बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा (टी.एल.) बैठक के पश्चात कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। सहायक श्रम पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को सूचित किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में दुर्गा वाहिनी ने किया शस्त्र पूजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** 26 सितंबर शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति - दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा स्थानीय कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। माँ शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि के उपलक्ष्य में यह शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित डिगवानी ने बताया कि यह आयोजन विशेषकर मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं के लिए रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता साध्वी श्री श्री 108 निर्मला माता ने की, जबकि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय मातृशक्ति सहसंयोजीका आदरणीय श्रीमती सरोज सोनी थीं।



महाकौशल प्रांत में रीवा एक ऐसा जिला है जहां मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा शस्त्र प्रदर्शन एवं पूजन किया गया। मां दुर्गा के चरणों में समर्पित यह शस्त्र पूजन विधि विधान से मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ।

तत्पश्चात, दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत सीखी हुई बहनों ने तलवार प्रदर्शन भी किया। समापन सत्र में मां दुर्गा को समर्पित परंपरागत तरीके से रौद्र नृत्य प्रस्तुत किया गया।

दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण में शस्त्र प्रदर्शन का प्रशिक्षण विशेष रूप से बच्चियों को सिखाया जाता है, जिससे वे आत्मरक्षा कर सकें। आयोजन में विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, लाल बहादुर सिंह, मनीष भार्गव सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## नगर विजयादशमी उत्सव समिति में चुनाव विवाद सहित आर्थिक अनियमितताओं के आरोप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** रीवा में 50 वर्षों से दशहरा और भरत मिलाप का आयोजन करने वाली नगर विजयादशमी उत्सव समिति एक बार फिर विवादों में घिर गई है। समिति पर बैंक खातों में गड़बड़ी करने के आरोप लगे हैं। समिति का पंजीकरण वर्ष 2004 में हुआ था। विवाद की स्थिति तब उत्पन्न हुई जब रीवा के प्रतिष्ठित व्यवसायी वैभव आर्या ने समिति के मनमाने आचरण पर आपत्ति जताई। इसके बाद, अध्यक्ष प्रकाश तरानी ने वैभव आर्या को कमान सौंपी। लेकिन वैभव आर्या की अचानक मृत्यु के बाद, प्रकाश तरानी और उनके सहयोगियों ने 2022 में निर्माणकर्ता सदस्यों की सूची बदल दी और बिना चुनाव कराए ही स्वघोषित अध्यक्ष बन गए।

पूर्व अध्यक्ष प्रकाश तरानी और उनके सहयोगियों ने कई पुराने सदस्यों को बिना कारण हटाया और नए सदस्यों का



मनोनयन किया। निर्माण समिति के सदस्यों का कहना है कि 23 जून 2025 तक चुनाव होना आवश्यक था, लेकिन जानबूझकर चुनाव नहीं कराए गए। इससे समिति की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि समिति के कई बैंक खातों में गड़बड़ी पाई गई है। कोषाध्यक्ष के नाम को लेकर विरोधाभास सामने आया है। सहायक पंजीयक फर्म एवं सोसाइटी में मोहित गुप्ता कोषाध्यक्ष के रूप में दर्ज हैं, जबकि बैंकों में अमित डिगवानी का नाम बताकर लेनदेन किया जा रहा है। पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों का आरोप है कि समय पर चुनाव न कराए जाने के पीछे आर्थिक अनियमितताओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, इसलिए अस्थाई व्यवस्था बनाकर दशहरा एवं भरत मिलाप का आयोजन कराया जाए। साथ ही, वित्तीय अनियमितताओं की जांच एक उच्च स्तरीय समिति से कराई जाए और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

शिकायत कलेक्टर रीवा, कमिश्नर रीवा संभाग, मुख्यमंत्री और आयुक्त फर्म एंड सोसाइटी तक दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता राजनारायण मिश्रा और सुशील खरे ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो मामला उच्च न्यायालय में ले जाया जाएगा।

## सहायक उपकरण प्रदाय हेतु परीक्षण शिविर 06 से, एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजन एवं वृद्धजन होंगे लाभान्वित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** एलिम्को जबलपुर द्वारा एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत सीधी जिले के दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन 06 अक्टूबर को जनपद पंचायत सिहावल परिसर, 07 अक्टूबर को जनपद पंचायत मझौली परिसर, 08 अक्टूबर को जनपद पंचायत कुसमी परिसर, 09 अक्टूबर को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन परिसर तथा 10 अक्टूबर को सामुदायिक भवन सम्राट चौक नगर पालिका सीधी में किया जाएगा।

वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को दांत एवं चश्मा को छोड़कर अन्य जीवन रक्षक सहायक उपकरण जैसे छड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, घुटने का सपोर्ट, एल.एस. बेल्ट इत्यादि निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए वृद्धजनों को आधार कार्ड, समग्र आई.डी., पासपोर्ट साइज फोटो एवं सरपंच/विहित प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 15 हजार रुपये से अधिक न हो) प्रस्तुत करना होगा। इसी प्रकार एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को आधार कार्ड, समग्र आई.डी., यू.डी.आई.डी. कार्ड, दिव्यांगता संबंधी पासपोर्ट साइज फोटो एवं सरपंच/विहित प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22 हजार 500 रुपये से अधिक न हो) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिन हितग्राहियों को पहले ही मोट्राइज्ड ट्रायसिकल या मोट्राइज्ड व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई है, वे उसी दिव्यांगता हेतु पुनः सहायक उपकरण प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधी की 63वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधी की 63वीं वार्षिक आमसभा 26 सितंबर 2025 को बैंक प्रधान कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। आमसभा की अध्यक्षता बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर जिला सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने की। बैठक की शुरुआत बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एस. धववाल द्वारा एजेण्डा अनुसार कार्यवाही से हुई और प्रस्तावना बैंक सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। आमसभा में वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रक का अवलोकन किया गया, वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट को स्वीकृति दी गई तथा वर्ष 2026-27 हेतु अधिकतम ऋण प्राप्त करने की सीमा निर्धारित कर स्वीकृति प्रदान की गई।



बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर ने सदस्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बैंक के विकास में समयबद्ध प्रयास सुनिश्चित करने की अपेक्षा की और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ऋण योजना को सरल एवं सुगम बनाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त सहकारिता जिला सीधी श्रीमती दीप्ति वनवासी ने आमसभा को संबोधित करते हुए बैंक को ऋणों पर ब्याज दरों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के निर्देश दिए।



बैठक के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला सीधी एवं सिंगरौली कलेक्टर, आर.बी.आई., नाबार्ड, संयुक्त आयुक्त सहकारिता रीवा संभाग, उपायुक्त सहकारिता सीधी एवं सिंगरौली, बैंक के अंशधारी सदस्यों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बैंक के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कर्मचारियों की कमी के बावजूद मेहनत और लगन से बैंक की प्रगति में योगदान दिया। बैठक में सीधी एवं सिंगरौली जिले के सदस्य और प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)

क्रमांक 4329/न.पा.नि./राजस्व/2025-26 रीवा, दिनांक 26/09/2025

### अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-8 नेहरु नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 3/5/255 क्षेत्रफल 794.00 वर्गफिट श्री सुरेश सिंह पिता स्व. श्री बृजमोहन सिंह निवासी नेहरु नगर रीवा (म.प्र.) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री विभूर्ति सिंह पिता श्री सरपस्त अभिमन्यु सिंह निवासी नेहरु नगर रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 27.06.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त एल.आई.जी. भवन क्रमांक 3/5/255 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री सुरेश सिंह पिता स्व. श्री बृजमोहन सिंह निवासी नेहरु नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार एल.आई.जी. भवन क्रमांक 3/5/255 का नामान्तरण श्री विभूर्ति सिंह पिता श्री सरपस्त अभिमन्यु सिंह निवासी नेहरु नगर रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त ( राजस्व ) हेतु आयुक्त**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

## ये हवाएं टकराएंगी

संपादकीय

हिमाचल में आंदोलनों के संदर्भ बदलने लगे हैं और यह सामाजिक अधिकारों की नई व्याख्या का प्रकटीकरण है। आश्चर्य यह कि दो आंदोलनों ने इस बार कांगड़ा की बिसात को गर्माहट दी है। पहला संघर्ष ओबीसी जमात के संवैधानिक अधिकारों की पैरवी में राजनीति के कई अध्याय खोल गया, तो उसके बाद अदालत के आदेशों पर अवैध निर्माण की पैमाइश के विरोध में आंदोलन का माहौल बन गया। जनता में आक्रोश की भुजाएं यूं ही नहीं उठतीं और जहां 'मेरा घर-मेरा अधिकार-मेरा रोजगार' के नारे लगे वहां युवा ऊर्जा का मेला देखा जा सकता है। हम हाल की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के सदके माहौल की कुंठाओं को अगर नजरअंदाज करेंगे, तो पड़ोसी राज्यों की हवाएं इधर भी टकराएंगी। लद्दाख में आक्रोश की गलियों में विस्फोट को कानून व्यवस्था की दृष्टि से सही न भी ठहराएं, मगर मुद्दों की रगड़ को पहचानना होगा। बेशक वहां आंदोलन में राजनीतिक समानता के प्रश्न, भौगोलिक अस्तित्व की उम्मीदें और बेरोजगारी के जख्म रिसे हैं, लेकिन लगातार नजरअंदाज हुए युवाओं ने सड़क को समय का घाव बता दिया। कमोबेश ऐसा ही संघर्ष देहरादून के राजधानी पथ पर लाल होता दिखा, तो मानना पड़ेगा कि अब देश के प्रश्न युवाओं की जुबान पर और उनके लिए राजनीति और शासन को बदलना पड़ेगा। इधर हिमाचल में युवा पीढ़ी और शासन की सीढ़ी में सामजंस्य की दरकार है। हमने औद्योगिक विकास पर भले ही सत्तर फीसदी हिमाचली रोजगार टांग दिया, लेकिन देखा नहीं कि इस अधिकार की प्रेरणा में बीबीएन का मानचित्र कब मुकम्मल होगा।

सरकारी नौकरी के ढोल फटे के फटे रह गए, तो शिक्षा के प्रांगण का चरित्र जीने का एहसास नहीं दिला सका। राजनीति के सारे वक्तव्य कब युवा के संबोधन बने। माफ करना, अब इमारतें नहीं, युवा बोल रहे हैं। डिग्रियां नहीं बेरोजगारी बोल रही है। पिछले दो तीन दशकों से प्रदेश की राजनीति ने जो मिल बांट के खाया, आज उसके विपरीत भूखे मुद्दे शेर बने नजर आ रहे हैं। विश्लेषण यह होना चाहिए कि हिमाचल की सरकारों ने कैसे बजट, विकास, सामाजिक आस और सार्वजनिक चरित्र पैदा किया कि राज्य की महत्त्वाकांक्षा भी राजनीतिक, लेकिन प्रदेश अपने व्यवहार में सरकारी नौकर हो गया। सरकारी नौकरी में रोजगार को परिभाषित करते-करते राज्य के सारे पांव उधार के दलदल में धंस गए हैं और अब मुसीबत यह कि आर्थिक सुधारों की जरूरत पर भी सत्ता बनाम विपक्ष करके हम आने वाली पीढ़ी को सिर्फ आक्रोश दे रहे हैं। जब राजनीति के बड़े पर्दे पर युवा खुद को नहीं देखते, तो उनकी हसरतें उन्मादी हो सकती हैं। आश्चर्य है कि रोजगार की विसंगतियों को दुरुस्त करने के बजाय सरकारी नौकरी के उपहार और पुरस्कार इस हद तक तैयार होते हैं कि बड़े पदों के आला अधिकारी रिटायरमेंट के बाद भी सेवा विस्तार के पात्र बने रहते हैं। नौकरी तिलिस्म हो सकता है, लेकिन रोजगार आशा का सबसे बड़ा सबब है। हमारे रोजगार का ढांचा आखिर है क्या। कुछ रोजगार कार्यालयों का विस्तार, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य सेवा आयोग या कुछ अन्य परीक्षाएं।

## गांधी को आने दो

**मृदुला श्रीवास्तव**

'वर्मा सर, आप तो पूरे दफ्तर में अपने ईमानदार कार्यों के लिए मशहूर हैं, शायद इसीलिए आपने अपने कमरे में गांधी जी की तस्वीर लगा रखी है। पर दो-दो क्यों? एक आपकी आंखों के सामने लटकी है और दूसरी आपके पीठ के पीछे। ऐसा क्यों?' अधीनस्थ शर्मा जी अपने बॉस वर्मा जी से पूछ रहे थे। 'वो इसलिए शर्मा जी कि मेरे सामने बैठा आगंतुक मेरे पीछे लगी गांधी जी की तस्वीर को देखकर झूठ न बोले।' 'और आपके सामने? उसका क्या रहस्य है?' 'रहस्य?' वर्मा जी कैसे बताते अपनी कारिस्तानी को, कि जब मैं झूठ बोलता हूं तो निश्चिंत रहता हूं कि झूठ बोलते समय गांधी जी मुझे देख नहीं रहे हैं। चूंकि दस में से आठ झूठ तो रोज मैं, बोल ही लेता हूं।ज्इसलिए अंडर दि टेबल काम करते हुए मैं कभी-कभी चपरासी को बुलाकर कुछ आदेश देता हूं। फिर चपरासी दो घंटे में लौटता है, बस इस बीच मैं अपने दो-तीन ठेके, दलालों के साथ झूठ बोलते-बोलते निपटा ही देता हूं। 'सब कुछ सीक्रेट है शर्मा जी, सीक्रेट।' वर्मा जी कैसे यह और बताते कि मुझे तस्वीर पर लदी धूल से दरअसल कोई दिक्कत नहीं है। बस जब मुझे झूठ बोलना होता है तो उससे पहले ही मैं चपरासी को बुलाकर अपने सामने वाली इस तस्वीर को साफ करने को कहता हूं। शर्मा जी बिना कुछ कहे सब कुछ समझ गए। सभी सरकारी कर्मचारी चूंकि अक्सर एक ही मिट्टी के बने होते हैं, इसलिए एक-दूसरे को समझने के लिए उन्हें ज्यादा बोलना नहीं पड़ता। इसलिए बोले- 'समझ गया, समझ गया, सरज्तभी शायद आपके सामने वाली तस्वीर पर धूल नहीं दिखती है, पर आपके पीछे वाली धूल से भरी है, फिर अचानक बोले, 'वर्मा जी, आज चाय-वाय नहीं पिलाएंगे क्या?' 'नहीं, नहीं शर्मा जी, अभी नहीं, अभी मीटिंग चालू हैज्पहले गांधी को आने दो।..फिर पिलाएंगे चाय आपको। वो क्या है न, हमारे देश के खासकर किसी भी सरकारी दफ्तर में वैसे भी तीन ही तो काम दरअसल ठीक से होते हैं, उनमें पहला है चाय पीने का काम, दूसरा मीटिंगें करने का और तीसरा काम है कमेटी बनाने का।' वर्मा जी यह सब सोच रहे थे, पर बोले कुछ और। वो दरअसल सोच रहे थे कि शर्मा जी आपके आने से अभी थोड़ी देर पहले ही तो मैंने ढाई करोड़ का एक ठेका दिया है, अंडर दि टेबल।

बीस परसेंट की बात तय हुई है।ज्इसलिए चपरासी को गांधी जी की तस्वीर साफ करने भेजा है, गांधी जी को हटाना जरूरी है भई, ऐसे कामों को अंजाम देते हुए। पर बोले कुछ और। बोले, 'हां-हां क्यों नहीं, रुकिए-रुकिए, चाय पीकर जाइएगा।' थोड़ी देर में चपरासी ने गांधी जी की तस्वीर, दबे पांव कुर्सी पर चढ़कर, दीवार पर लाकर टांग दी थी। शर्मा जी फिर एक बार में इसलिए भी सब कुछ समझ गए थे कि थोड़ी देर पहले ही वे खुद भी तो एक घोटाले की फाइल बड़े बॉस से ओके करवाकर आए हैं। गांधी जी की तस्वीर वापस कमरे में लटकते ही दफ्तर का वह कक्ष चाय की चुस्कियों और ठहाकों से गूंज रहा था। तभी साथ बैठे शुक्ला जी बोलेज्'सर, जब तक गांधी मात्र चाय की चुस्कियों के साथ हमारी मीटिंग्स और सम्मेलनों का विषय बने रहेंगे, तब तक आप चाहे जितने मर्जी दो अक्तूबर मना लो, गांधी का नाम लेना भी बेमानी हैज्सर! मैं अब चलता हूं। यहां बैठना अब मुझे कुछ भारी लग रहा है।' समर्थन में वर्मा जी को अपनी बड़ी-सी गंजी खोपड़ी हिलाते और खीसें निपोरते देखा-पाया गया, पर यह भी देखने में आया कि उनकी आंखें गांधी जी की उस तस्वीर से रिसते आंसुओं को देखकर पता नहीं क्यों, अनायास कुछ झुक सी भी गई थीं।

**सालों से अपने देश में चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दल अन्य वायदों के साथ-साथ गरीबी और बेकारी मिटाने का वायदा करते रहे हैं और भविष्य में भी करने वाले हैं। इसमें सफलता या असफलता का पैमाना यह है कि वे मुद्दे आज भी जीवित हैं और भविष्य में भी जीवित रहने वाले हैं। ठीक इसी तरह दिल्ली के हर चुनाव में दिल्ली की जीवन-रेखा मानी जीने वाली यमुना नदी को साफ करने का वायदा किया जाता रहा है। इस बार दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीती भाजपा ने भी अपने संकल्प पत्र में इसके लिए बढ़-चढ़ वायदे किए। उसी चुनाव प्रचार में दस साल से दिल्ली पर राज करने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी से यमुना साफ न कर पाने के लिए माफी मांगी। कहा गया कि उनकी हार का एक कारण यमुना नदी साफ न कर पाना भी रहा।**

# यमुना नदी को बचाने के लिए भागीरथी प्रयास जरूरी

**मनोज कुमार मिश्र**



यमुना केवल एक नदी नहीं है, यह गंगा नदी की तरह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है। लाखों एकड़ खेत यमुना के बूते फसल उपजाते हैं और लोगों के पेट भरते हैं। करोड़ों लोग यमुना के पानी को संयंत्रों के माध्यम से साफ करके पीते हैं। यमुना नदी के पानी का रंग सांवला होता है, जिसकी अपनी धार्मिक मान्यता है। भगवान कृष्ण की लीलाओं से लेकर ब्रज क्षेत्र की धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक जीवन में यमुना नदी की प्रधानता रही है। सैकड़ों सालों पहले अनेक शहरों की तरह दिल्ली को पानी की जरूरत पूरी करने के लिए यमुना नदी के किनारे बसाया गया था। कभी यमुना लाल किला से सट कर बहती थी, अब वह पूरब की ओर लाल किला से काफी दूर जा चुकी है। धार्मिक मान्यताओं के चलते यमुना की आरती से लेकर दूसरे धार्मिक आयोजन उसके किनारे होते रहे हैं। दिल्ली में नई सरकार बनते ही यमुना की आरती भव्य तरीके से शुरू करवाई गई, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत मंत्रिमंडल के सहयोगी और भाजपा नेताओं ने यमुना को साफ करने की संकल्प दोहराया।

दिल्ली की सीमा में यमुना करीब 48 किलोमीटर (दिल्ली की सीमा पर बसे हरियाणा के पल्ला गांव से ओखला तक) बहती है जिसमें केवल वजीराबाद से ओखला तक यानी करीब 22 किलोमीटर इलाके में यमुना 70 फीसदी गंदी होती है। इसके कई कारणों में प्रमुख रूप से आधी दिल्ली की गंदगी का सीधे यमुना में जाना, बरसात के अलावा यमुना में पानी का प्रवाह न होना, दिल्ली के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों का औद्योगिक कचरा और गंदगी सीधे यमुना में जाना, दिल्ली में बहुशासन प्रणाली का होना और सरकारी विभागों में भारी भ्रष्टाचार इत्यादि हैं।

दिल्ली से करीब ढाई सौ किलोमीटर दूर ताजेवाला बांध (पुराना नाम हथिनी कुंड बांध) से दिल्ली को पानी मिलता है। ताजेवाला के पास यमुना की कोई सहयोगी नदी नहीं है। दिल्ली जल बोर्ड के एक आला अधिकारी का कहना था कि अगर किशाऊ, लखवार (ब्यासी) और रेणुका नदी पर बांध बन जाए और वहां से नियमित पानी यमुना में आता रहे तो गंदगी का ठहराव न होगा। इससे यमुना एक हद तक अपने आप साफ होने लगेगी। यमुना के पानी में दिल्ली का हिस्सा साल 1994 में मिला था। उसी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को यमुना के अनवरत बहाव के लिए अनवरत पानी देने के आदेश दिए थे। इसका भी ठीक से पालन नहीं हो पाया। दिल्ली में बड़ी समस्या यमुना से जुड़ी अलग-अलग सरकारी एजेंसियां हैं, जिनका आपस में कोई तालमेल नहीं है। दिल्ली में यमुना की मालिक केन्द्र सरकार के नियंत्रण वाली दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) है। पानी दिल्ली सरकार के बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधीन है। गंदा पानी साफ करने और सीवर की जिम्मेदारी, मूल रूप से दिल्ली सरकार के अधीन काम करने वाली स्वशासी दिल्ली जल बोर्ड की है और नालों की सफाई और कचरों को यमुना में आने से रोकने का काम दिल्ली नगर निगम का है।

यमुना की सफाई में सबसे बड़ी बाधा सरकारी तंत्र का भ्रष्टाचार है। इसमें नगर निगम के पार्षद से लेकर अमूनन हर स्तर के नेता शामिल हैं। सालों दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रमेश नेगी बताते हैं कि साल 2010 में केन्द्र सरकार के सहयोग से तब की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने यमुना को साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर ठोस योजना बनवाई थी। तब दिल्ली की 47 फीसदी आबादी में सीवर प्रणाली नहीं थी, जो अब बढ़कर करीब 52 फीसदी हो गई है। सालों से 18 बड़े नालों और अनेक छोटे नालों के माध्यम से सीवर आदि की गंदगी सीधे यमुना में गिरती रही है। दिल्ली नगर निगम की लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते हर सालों दिल्ली के गांवों और अनधिकृत कालोनियों का चार से पांच हजार टन कूड़ा-कचरा बाहर में सड़ता है और यमुना में जाता है। इतना ही नहीं उससे मिथाइल गैस बनता है, जो प्रदूषण को लगातार बढ़ा रहा है।

यमुना की सफाई के लिए सालों से प्रयास होते रहे हैं। हजारों करोड़ रुपए खर्च भी हो चुके हैं और हर साल हो रहे हैं। सभी सरकारी एजेंसियों को एक साथ लाने के लिए करीब दस साल पहले यमुना री-डवलपमेंट अथॉरिटी (यमुना पुनर्विकास प्राधिकरण) बनी। उप राज्यपाल उसके अध्यक्ष, दिल्ली के मुख्यमंत्री उपाध्यक्ष और डीडीए उपाध्यक्ष, दिल्ली के मुख्य सचिव, नगर निगम आयुक्त आदि उसके सचिव बने। अभी भी अधिकारियों का एक वर्ग ऐसा है कि जिसका मानना है कि सालों से इतनी दुर्गति के बावजूद यमुना में पानी दिख रहा है तो वह भी एक चमत्कार से कम नहीं है। यमुना के साथ इतना अन्याय होने के बाद तो उसमें केवल कीचड़ ही दिखना चाहिए था। यमुना नदी की सफाई के लिए मिले करोड़ों रुपयों में से कुछ का सदुपयोग यमुना सफाई के लिए किया गया। संभव है यमुना सफाई के नाम पर इसके पहले चरण में सभी सरकारी एजेंसियों को संसद में कानून बना कर यमुना री-डवलपमेंट अथॉरिटी को दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन जैसे काम करने-कराने का पूरा अधिकार देना होगा। इसके साथ इन बिंदुओं पर अमल जरूरी है-

1. इंटरसेप्टर सीवर प्रोजेक्ट का प्रभावी उपयोग किया जाए।
2. बचे हुए अवजल शोधन संयंत्रों (सीईपीटी) को प्राथमिकता से पूरा कराकर उसका उपयोग किया जाए।
3. सीवर से जुड़ना सभी गांव, कॉलोनियों आदि के लिए अनिवार्य किया जाए।
4. नगर निगम सुनिश्चित करे कि कोई भी कचरा नालों में नहीं डाला जाएगा।
5. अवैध बूचडखाने बंद कराए जाएं, उसके अवशेष नालों में डालने पर कठोर सजा का प्रावधान किया जाए।
6. औद्योगिक इलाकों में सीईपीटी (संयुक्त अवजल शोधन संयंत्र) का प्रभावशाली तरीके से उपयोग किया जाए।
7. अवैध उद्योगों खास कर अनधिकृत कालोनियों के रिहाइशी घरों आदि में बने उद्योगों पर कारगर रोक लगे।
8. दिल्ली जल बोर्ड के मास्टर प्लान 2030 के तहत सभी निर्माण को सीवर नेटवर्क से जोड़ा जाए।
9. मोबाइल मजिस्ट्रेट की बहाली की जाए और उसकी संख्या बढाई जाए।
10. इसके अलावा सबसे बड़ा काम यह होना चाहिए कि जो चीजें दिल्ली के लिए तय हो उसे हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी लागू कराया जाए।

यह संयोग है कि दिल्ली नगर निगम से लेकर दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार में भाजपा का शासन है। उसके सबसे बड़े नेता यानी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल चुनाव प्रचार बल्कि उसके बाद भी दिल्ली को संवारने का संकल्प दोहराते रहे हैं। उसमें केवल यमुना की सफाई, उसके पानी को पीने की कौन कहे नहाने लायक बनाने से केवल न केवल दिल्ली के पर्यावरण का सुधार होगा बल्कि पानी का संकट कम होगा। पर्यटन बढ़ेगा और इस गंदी यमुना से जो देश की राजधानी पर बदनुमा दाग लगा है, वह मिटेगा। जाहिर है कि यमुना साफ करने का लक्ष्य कठिन तो है लेकिन असंभव नहीं।

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं।**

**योगेश कुमार गोयल**

विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्यः आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।



इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है।

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था।

आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं। पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दर्शाता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है।

# जिला पंचायत सीईओ ने रीपा केंद्रों का किया निरीक्षण







**गौरेला पेंड्रा मरवाही, एजेंसी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे ने आज जिले के तीनों जनपदों के रीपा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रीपा केंद्र बंशीताल में तेल प्रसंस्करण इकाई एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स, रीपा केंद्र डोंगरिया में दाल प्रसंस्करण इकाई एवं दोना-पत्तल निर्माण, रीपा केंद्र अड़भार में पूजा सामग्री निर्माण ईकाई एवं बारदाना निर्माण ईकाई, रीपा केंद्र बारीउमराव में फ्लाई ऐश ब्रिक्स, सीएलसी ब्लाक इकाई एवं स्टेशनरी इकाई, रीपा केंद्र पतरकोनी में फ्लाई ऐश ब्रिक्स, नमकीन इकाई एवं आऊटलेट इकाई और रीपा केंद्र धनौली में कोदो प्रसंस्करण इकाई, दोना-पत्तल निर्माण ईकाई एवं कैरी बैग ईकाई का निरीक्षण किया और केंद्रों में कार्यरत स्व सहायता समूह के सदस्यों एवं एनआरएलएम स्टाफ को कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान दुर्गा शंकर सोनी डीएमएम, तीनों जनपदों के सीईओ और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वित्तीय समावेशन कैंप में लोगों ने अपने खातो में कराया के वाई सी



**गौरेला पेंड्रा मरवाही, एजेंसी।** जिला प्रशासन के सहयोग से मरवाही विकासखंड के ग्राम सिलपहरी में बुधवार को आयोजित वित्तीय समावेशन कैम्प में लोगों ने अपने खातो में के वाई सी कराया। कैंप में भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक मनीष पराशर एवं सहायक महाप्रबंधक अमित सावरकर, भारतीय स्टेट बैंक बिलासपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अविनाश सोनी, जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक आर एस बघेल मुख्य व प्रबंधक विपिन सिंह उपस्थित रहे। महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक ने के वाई सी के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को साइबर धोखाधड़ी से भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में बीसी स्टाफ, सीएफएल एवं आर सेटी स्टाफ शामिल हुए।

## स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, हर नागरिक का पहला कर्तव्य है: स्वास्थ्य मंत्री

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 और रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 25 सितम्बर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, मंडल अध्यक्ष चिरमिरी पुरुषोत्तम सोनकर, जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल, सभापति संतोष सिंह, आयुक्त रामप्रसाद आंचला, और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी पार्क मालवीय नगर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पोंडी में सफाई अभियान और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता मित्रों ने सामूहिक प्रयासों से आसपास के क्षेत्रों की सफाई की और शहरवासियों को साफ-सुथरे वातावरण के महत्व का संदेश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और स्वच्छता की रोशनी पहुंचाने का प्रेरणा बताया।

## सेवा पखवाड़ा में जिलेभर के शिविरों में 89 हितग्राहियों की पेंशन समस्याओं का हुआ निराकरण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर आज जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष पेंशन समाधान शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में किया गया। मुख्य शिविर का आयोजन अमृत सदन जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में किया गया, जहां कुल 53 हितग्राही उपस्थित हुए। यहां आए सभी हितग्राहियों की पेंशन जांच, पेंशन सत्यापन, मोबाइल नंबर जोड़ने और नए आवेदन की स्वीकृति जैसे कार्य तत्परता से किए गए।

समाज कल्याण विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटर कुनाल लालपुरे और जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ की डाटा एंट्री ऑपरेटर सुश्री दीपिका श्रीवास्तव ने सभी आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इसी क्रम में जनपद पंचायत भरतपुर में भी पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जहां 20 हितग्राही उपस्थित रहे। उनके पेंशन संबंधी मामलों का निराकरण डाटा एंट्री ऑपरेटर महेंद्र कुमार द्वारा किया गया। वहीं, जनपद पंचायत खड़गवां में आयोजित शिविर में 16 हितग्राही पहुंचे, जिनकी पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री नारायण ने किया। जिलेभर में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से कुल 89 हितग्राहियों की पेंशन संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। शिविरों में पेंशन जांच, सत्यापन, नए आवेदन, मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी और त्वरित तरीके से पूरा किया गया।

## डीएससी से फर्जी भुगतान करने पर कंप्यूटर ऑपरेटर को पद से पृथक किया गया

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, एजेंसी।** कार्यलय जनपद पंचायत गौरेला में कलेक्टर दर पर पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर श्री दीपक जायसवाल को 15वें वित्त की राशि डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) से फर्जी भुगतान करने पर तत्काल प्रभाव से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद से पृथक कर दिया गया है। जनपद सीईओ गौरेला द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कार्यालयीन कार्य संपादन हेतु दीपक जायसवाल से कम्प्यूटर ऑपरेटर का कार्य लिया जा रहा था।सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत गौरेला एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों से प्राप्त शिकायत के अनुसार दीपक जायसवाल कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा लेखा अधिकारी के डी.एस.सी. का दुरुपयोग करते हुए राशि विभिन्न खातों में जमा कराया गया है। सहायक लेखाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार डी.एस.सी. दीपक जायसवाल के पास रखा गया था एवं श्री जायसवाल द्वारा सहायक लेखाधिकारी के प्रोफाईल में अन्य ई-मेल आई.डी. एवं मोबाईल नंबर जनरेट किया गया है। जो गंभीर लापरवाही एवं वित्तीय अनिमितता के साथ-साथ आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। दीपक जायसवाल माह सितंबर 2025 से लगातार अनुपस्थित हैं। प्रथम दृष्ट्या दीपक जायसवाल के द्वारा कार्यो के लापरवाही एवं अनियमितता बरती गयी है। अतः उन्हें तत्काल प्रभाव से कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद से पृथक कर दिया गया है। इसके साथ ही थाना गौरेला में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराया गया है।

### रजत जयंती स्वच्छता ही सेवा के अवसर पर आयोजित मेले में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक हुए शामिल

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अंगीकार अभियान 2025 एवं रजत जयंती व लोक कल्याण मेला कार्यक्रम नगरीय निकाय मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान साईकोलथान, वॉकथान, स्वच्छता पखवाड़ा, आवास मेला, ऋण मेला, स्वास्थ्य जांच शिविर जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गई। चिन्हांकित स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई गई, वहीं महाविद्यालय और विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज सरोवर तालाब छठ घाट की सफाई एवं अंगीकार अभियान के तहत आवास की स्वीकृति, कल्याण मेला और ऋण मेला का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

## भाजपा नेता के बेटे ने शादीशुदा महिला को भगाया:बिलासपुर में बदनामी के चलते पति ने लगाई फांसी, परिजन बोले- पुलिस मामले को दबा रही

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भाजपा नेता के बेटा शादीशुदा महिला को भगा कर ले गया। बदनामी के चलते उसके पति ने पेड़ पर फांसी लाकर कर आत्महत्या कर ली। जेब से मिले सुसाइड नोट में इन दोनों बात का जिक्र किया गया है। परिजनों ने पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा भाजपा नेता के बेटे और महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह मामला तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलपान है। जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम देवलाल मरकाम (52) है। जो कि किसान था। उसने कई बार भाजपा नेता के बेटे साथ पत्नी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ चुका था। जो कि किराना दुकान चलाता था। फिलहाल, परिजनों ने सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**जानिए क्या है पूरा मामला:**दरअसल, बेलपान का रहने वाला छोटे लाल भाजपा मंडल अध्यक्ष है। जबकि उसका बेटा दद्दू कौशिक गांव में ही किराना दुकान चलाता है। अक्सर वह दुकान आती-जाती थी। ऐसे में दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। वह महिला से मिलने भी आता था। कई बार पति ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में भी पकड़ा।



**1 महीने बाद पति ने लगाई फांसी:**उसने पत्नी को कई बार समझाइश दी। इसे लेकर सामाजिक बैठक भी हुई। अगस्त 2025 में दद्दू अनीता को भाग ले गया। 24 सितंबर को बदनामी के चलते पत्नी पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। जब तलाशी लगी गई तो, जेब से सुसाइड नोट में मिला, जिसमें इन बातों का जिक्र किया गया था।

**सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई की मांग:**इधर, परिजनों का आरोप है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष के बेटे को पुलिस बचाने की कोशिश कर रही है। शुक्रवार को ग्रामीण और परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने साइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


**तखतपुर पुलिस पर लापरवाही का आरोप:**इसके अलावा उनका यह भी आरोप है कि महिला के गायब होने की जानकारी होने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब देवलाल ने आत्महत्या कर ली तब भी पुलिस केस दर्ज करने टालमटोल कर रही है। उन्होंने तखतपुर थाना पुलिस पर लापरवाही का आरोपी लगाया है। इस मामले में एडिशनल एसपी अर्चना झा का कहना है कि मृतक ने सुसाइड नोट में पत्नी के अवैध संबंध का जिक्र किया है। जिसकी जांच की जा रही है।

## खेल से खिलेंगे सपने! सांसद खेल महोत्सव में शामिल होकर, बनाएं अपनी पहचान

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, एजेंसी।** संसदीय क्षेत्र बिलासपुर के अंतर्गत विकासखंड गौरेला के खेल प्रेमियों के लिए सुनहरा मौका, सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। ग्रामीण, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर होने वाली यह भव्य खेल प्रतियोगिता 3 अक्टूबर से 25 दिसम्बर 2025 तक चलेगी, जिसमें खेल के साथ फिटनेस और मनोरंजन का जबरदस्त संगम देखने को मिलेगा। यह आयोजन न केवल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मौका देगा, बल्कि फिट इंडिया मूवमेंट को भी नया आयाम देगा। जिले में पहली बार इतने बड़े स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 2 अक्टूबर 2025 तक www.sansadkhelmahotsav.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। खिलाड़ी अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से साइनअप कर अपना नाम, ई-मेल आईडी, पता, राज्य, लोकसभा क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र आदि की जानकारी और एकल खेल में एक से अधिक एवं दलीय खेल में से केवल एक खेल का चयन कर साइनअप कर सकते हैं।सांसद खेल महोत्सव में तीन आयु वर्गों जिसमें 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक महिला और पुरुष दोनों प्रतिभागी खेलों में हिस्सा ले सकेंगे, जिसमें एकल खेल में बोरा दौड़, पैदल चाल, 100 मीटर दौड़ और तीरंदाजी शामिल है। दलीय खेल में रस्साकसी, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल शामिल हैं। ग्राम पंचायतों एवं वार्ड स्तर पर चयन स्पर्धा 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक एवं ब्लॉक स्तर पर 1 नवंबर से 30 नवंबर तक और संसदीय क्षेत्र स्तर पर 1 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 के मध्य संसदीय क्षेत्र बिलासपुर में आयोजित होना प्रस्तावित है। इस खेल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देना है।

## हाईकोर्ट बोला- पति को पालतू चूहा कहना मानसिक क्रूरता :माता-पिता से अलग रहने कहती थी पत्नी, तलाक बरकरार; बेटे के लिए देना होगा गुजारा भत्ता

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पति को पालतू चूहा कहना मानसिक क्रूरता माना है। दरअसल, शादी के 10 साल बाद पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि तलाक लेने की नौबत आ गई। परेशान पति ने कोर्ट को बताया कि पत्नी उसे अपने माता-पिता से अलग रहने कहती थी और उसे पालतू चूहा कहती थी। निचली अदालत ने पति के आरोपों को सही मानते हुए तलाक का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने भी पति के लगाए गए क्रूरता और परित्याग के आरोपों को सही ठहराते हुए तलाक को बरकरार रखा है। साथ ही पत्नी की अपील खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारतीय संयुक्त परिवार की व्यवस्था में पति को माता-पिता से अलग करने की जिद करना मानसिक क्रूरता है। हालांकि, कोर्ट ने बेटे के पालन-पोषण के लिए हर महीने 6 हजार गुजार भत्ता देने के आदेश दिए हैं।



**2009 में हुई थी शादी, रायपुर में रहते थे:**बता दें कि रायपुर के रहने वाले दंपती की 28 जून 2009 को शादी हुई थी। 5 जून 2010 को उनका एक बेटा हुआ। कुछ समय बाद ही दोनों के रिश्ते में खटास आ गई। पति ने अपनी पत्नी पर क्रूरता और परित्याग के आरोप लगाते हुए फैमिली कोर्ट रायपुर में तलाक के लिए याचिका लगाई। जहां 23 अगस्त 2019 को दोनों का तलाक मंजूर हुआ। पत्नी ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। पति ने अपने पक्ष में तर्क दिया कि पत्नी ने उनके माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार किया और उनसे अलग रहने की जिद की। ऐसा करने से इनकार करने पर पत्नी आक्रामक व्यवहार करने लगी। उसे शारीरिक रूप से भी नुकसान पहुंचाया। यह भी बताया कि माता-पिता की बात मानने के लिए पत्नी अपमानजनक रूप से उसे पालतू चूहा कहती थी। इसके अलावा उसने खुद गर्भपात करने का प्रयास किया। बताया कि पत्नी 24 अगस्त 2010 को तीजा के दौरान अपने मायके चली गई और उसके बाद कभी वापस नहीं आई।

**टेक्स्ट मैसेज को कोर्ट ने माना सबूत:**मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पत्नी द्वारा भेजे गए एक टेक्स्ट मैसेज को भी सबूत माना। इस मैसेज में पत्नी ने कहा था कि अगर तुम अपने माता-पिता को छोड़कर मेरे साथ रहना चाहते हो तो जवाब दो, वरना मत पूछो। हर परीक्षण के दौरान पत्नी ने स्वीकार किया था कि उसने यह मैसेज भेजा था। उसने यह भी माना कि वह अगस्त 2010 के बाद अपने ससुराल नहीं लौटी।

**पत्नी लाइब्रेरियन, पति की बैंक में जॉब:**फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों की आय पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने पाया कि पत्नी लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत हैं, जबकि पति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में अकाउंटेंट हैं। वर्तमान में पत्नी अपने बेटे के साथ रहती है। हाईकोर्ट ने पत्नी को 5 लाख रुपए स्थायी गुजारा भत्ता देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बेटे को हर माह गुजारा भत्ता देना होगा। बेटे के पालन-पोषण के लिए 6 हजार और उसे हर माह एक हजार रुपए गुजारा भत्ता मिल रहा है। मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई।

## बिलासपुर में नवरात्र पर्व पर MLA की ध्वज-यात्रा:चार दिन में 100 किलोमीटर पैदल चले, 31 गांव की यात्रा पूरी की

**बिलासपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने नवरात्रि पर्व पर ध्वज यात्रा की शुरुआत की है। नवरात्र के पहले दिन से शुरू हुई यात्रा में वे क्षेत्र के 31 गांव पहुंचे और करीब 100 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। खास बात यह है कि बारिश में भी उनकी यात्रा नहीं रूकी। विधायक शुक्ला इस दौरान ग्रामीण इलाकों में ही रात भी बिता रहे हैं। ध्वज यात्रा का समापन 28 सितंबर को रतनपुर के महामाया देवी मंदिर में होगा।

**नवरात्र व्रत रखकर पैदल चल रहे हैं विधायक:**दरअसल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने शारदीय नवरात्रि पर्व के पहले दिन यानी 22 सितंबर को गिरजाबंद हनुमान मंदिर से ध्वज यात्रा शुरू की है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की जनता से भेंट-मुलाकात के साथ ही नव दुर्गा मां से क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर शुरू किया गया है। अपनी इस यात्रा के दौरान विधायक शुक्ला नवरात्र व्रत रखकर पैदल चल रहे हैं। इस दौरान वो केवल नींबू पानी ही आहार के रूप में ग्रहण कर रहे हैं।

**ध्वज यात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति का संदेश:**धर्मांतरण के बढ़ते मामलों व जागरूकता को लेकर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि ध्वज यात्रा में लोगों का जुड़ाव इसकी प्रतिक्रिया है। मतांतरण के खिलाफ लोगों की जागरूकता बढ़ रही है। हिंदुत्व और सनातन संस्कृति का ध्वज यात्रा अब भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम बन गई है। उन्होंने कहा कि सात दिन में विधानसभा क्षेत्र में 171 किलोमीटर की यात्रा करेंगे।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बगड़ी में 29 एवं सिलपहरी में 30 सितम्बर को विशेष शिविर का आयोजन

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, एजेंसी** ।जिले में 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत निर्माण श्रमिकों एवं अन्य हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत बगड़ी में 29 एवं सिलपहरी में 30 सितम्बर 2025 को विशेष पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजना शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के लिए श्री रामेश्वर सिंह कंवर, श्रम निरीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही शिविरों में विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगा और हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर अपने साथ आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, नॉमिनी का आधार कार्ड, प्रथम दो बच्चों का आधार कार्ड सभी मूल प्रति में एवं मोबाइल ओटीपी हेतु लाना अनिवार्य है।

# चोरी की शंका में पीट-पीट कर मार डाला, रतलाम में 7 अभियुक्तों को आजीवान कारावास की सजा

## आरोपी विंड पॉवर एनर्जी सुजलोन के कर्मचारी

**रतलाम,एजेंसी।** चोरी की शंका में हत्या करने वाले 7 आरोपियों को रतलाम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 3 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है। सभी आरोपी विंड पॉवर एनर्जी सुजलोन कंपनी के कर्मचारी है। फैसला सत्तम अपर सत्र न्यायाधीश रतलाम राजेश नामदेव की कोर्ट ने सुनाया है।



### यह था मामला

अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने बताया कि 31 अक्टूबर 2024 को सैलाना में गोधुलिया तालाब किनारे चेयर (कुर्सी) पर एक व्यक्ति का शव मिला था। शव को ऐसा रखा था कि वह व्यक्ति जीवित अवस्था में होकर सो रहा है।

लेकिन जब राहगीरों ने उसके पास जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में था। सैलाना थाने पर सूचना दी। मृतक की पहचान मणिलाल पिता शंभु जी मईडा निवासी ग्राम रामपुरिया थाना सरवन के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की।

आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे। पता चला कि कुछ लोग मृतक को मृत अवस्था में चेयर पर बैठा कर गए है। मृतक के शरीर एवं सिर में चोटें होना पाई गई, पीएम रिपोर्ट में भी शरीर पर 15 चोटें पाई। मारपीट के कारण चोटों से मौत होना पाया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच में जुटी।

### चोरी करने गया तो मारपीट की

पुलिस ने जांच में पाया औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत फतेगढ़ मगरे पर स्थित सुजलोन कंपनी के पंखों के पास केबल चोरी की शंका में कि मृतक मणीलाल को कर्मचारियों ने पकड़ा था। पुलिस ने 31 अक्टूबर 24 को सैलाना के गोधुलिया तालाब के आसपास के सीसीटीवी देखे। सीसीटीवी में एक बोलेरो से सात व्यक्ति उतरते हुए दिखे। जिन्होंने कुर्सी पर शव रख जले गए।

बाद में जांच के बाद शव रखने वालों की पहचान सुजलोन कंपनी का ड्राइवर जुझार डिंडोर, सुपरवाईजर संतोष कटारा, गार्ड रामसिंह गरवाल, गार्ड जगदीश मईडा, गार्ड धारजी कटारा, गार्ड जुझार मईडा, सुपरवाईजर कन्हैयालाल मईडा के रुप में हुई। इन सभी ने मणीलाल के साथ चोरी की शंका में मारपीट की थी। आरोपी कर्मचारियों ने अपने बचाव व सबूत मिटाने एवं घटनास्थल को छिपाने के लिए मणीलाल के शव को कंपनी की बोलेरो गाड़ी में रख सैलाना के गोधुलिया तालाब किनारे चेयर पर लाकर छोड़ा था।

#### मामला रतलाम थाने भेजा

जांच के बाद पता चला कि घटना स्थल फतेहगढ़ सुजलोन कंपनी ऑफिस रतलाम के थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत है। तब सैलाना पुलिस ने केस को रतलाम थाना औद्योगिक क्षेत्र में भेजा। थाना औद्योगिक क्षेत्र ने अभियुक्तगणों के खिलाफ धारा 103(1), 238, 3(5) भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में केस दर्ज किया।

पुलिस ने जांच कर 5 नवंबर 2014 को पूरा मामला उजागर किया। आवश्यक अनुसंधान व जांच पूर्ण करने के बाद चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में सुनवाई के बाद फैसला सुनाया।

#### इन्हें हुई सजा

जुझार (32) पिता हरिशचंद्र डिंडोर, निवासी ग्राम फतेहगढ़।
संतोष (36) पिता नाथुलाल कटारा निवासी ग्राम फतेहगढ़।
कन्हैयालाल उर्फ कान्हा (49) पिता कोदर मईड़ा निवासी ग्राम ताजपुरिया।
जगदीश (38) पिता बाबू मईड़ा निवासी ग्राम नेपाल।
रामसिंह (45) पिता मनजी गरवाल निवासी ग्राम नेपाल।
जुझार (40) पिता लूणा मईड़ा निवासी ग्राम नेपाल।
धारजी (35) पिता हकरू कटारा निवासी ग्राम नेपाल।

#### नए कानून के तहत हुई सुनवाई

अपर लोक अभियोजक समरथ पाटीदार ने बताया कि इस केस की एफआईआर व न्यायालय में सुनवाई 1 जुलाई 2024 से भारत में लागू नए कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत हुई है। न्यायालय में गवाह प्रारंभ होने के 7 माह के अंदर ही कोर्ट ने फैसला सुना दिया।

## घर सोता रहा परिवार, चोरी हो गए सोने-चांदी के जेवर:सुबह बिखरा मिला सामान

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम के खोकसर गांव में एक किसान के घर का दरवाजा तोड़कर चोर कमरे से नकदी और जेवरात ले गए। कमरे में परिवार की महिलाएं सो रही थीं। खास बात यह रही कि चोरी की भनक तक सोते लोगों को नहीं लगी। सुबह जब घर की महिला नींद से जागी तो कमरे का सामान बिखरा हुआ मिला।




घटना 24 और 25 सितंबर की दरम्यानी रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। फरियादी जगदीश कीर, जो खोकसर गांव का रहने वाला और खेती-किसानी करता है, ने बताया कि अज्ञात चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए।

चोर सीधे उस कमरे में घुसे, जहां उसकी पत्नी और मां सो रही थीं। अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और करीब 60 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। इतनी बड़ी वारदात हो जाने के बावजूद कमरे में सो रहे लोगों को इसकी कोई भनक नहीं लगी।

सुबह जब जगदीश की पत्नी की नींद खुली, तो कमरे का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारी खुली हुई थी और पीछे का दरवाजा भी खुला हुआ मिला। उसने तुरंत बाकी परिजनों को उठाया और अलमारी की जांच की तो उसमें रखे सारे गहने और नकदी गायब थी। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर डोलरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी खुमान सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

## सलकनपुर मंदिर में रोप-वे से पहुंच रहे श्रद्धालु:नवरात्रि के पांचवें दिन संभागायुक्त और आईजी ने देखी व्यवस्थाएं



**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए सलकनपुर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में व्यापक इंतजाम किए हैं।

**प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा:** भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह, पुलिस महानिरीक्षक अभय सिंह, कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने शुक्रवार को सलकनपुर पहुंचकर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सभी विभागों को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाएं देखी गई। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी श्रद्धालु को दर्शन के दौरान कोई असुविधा न हो।

**रोप वे संचालन और स्वास्थ्य सुविधाएं रहें चालू:** संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे का संचालन निरंतर जारी रखा जाए। साथ ही मंदिर परिसर और प्रमुख स्थानों पर हेल्थ कैंप, एंबुलेंस और हेल्प डेस्क की व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से चालू रहें।

पुलिस को मंदिर परिसर और मुख्य मार्गों पर पर्याप्त बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण बेहतर तरीके से किया जा सके।

**मौके पर मौजूद रहे ये अधिकारी:** निरीक्षण के दौरान एएसपी सुनीता रावत, बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और मौके पर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## छतरपुर में जुआ और सट्टा खेलते 7 लोग गिरफ्तार-18,900 रुपए नकद, मोबाइल फोन और सट्टा पर्चियां जब्त

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में पुलिस ने जुआ और सट्टा खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर तीन अलग-अलग स्थानों से कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राजनगर रोड स्थित सिंघाड़ी नदी के पास से 5 जुआरी पकड़े गए। इनमें सुरेश कोरी, अशोक कुशवाहा, देवेंद्र सिंह चौहान, नारायण सेन और लट्ठे कुशवाहा शामिल हैं। इनसे 4,870 रुपए नकद और ताश की गड्डी मिली है। पुलिस ने कैश समेत सट्टा पर्ची और फोन जब्त किया बस स्टैंड के पास से अतुल गोस्वामी को सट्टा लगाते पकड़ा गया। उसके पास से 6,820 रुपए नकद, सट्टा पर्ची, डॉट पेन और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गुप्ता लॉज के पास से अर्जुन गिरी गोस्वामी को पकड़ा गया। उसके पास से 7,220 रुपए नकद, दो मोबाइल फोन, सट्टा पर्ची और डॉट पेन मिले। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपए है। पुलिस का कहना है कि जुआ-सट्टा गतिविधियों पर रोक लगाने का अभियान जारी रहेगा।

# सागर में वनपाल के सूने घर में चोरी, जबलपुर के पैतृक गांव गया था परिवार

**सागर,एजेंसी।** सागर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सिरोंजा स्थित गणेशपुरम कॉलोनी में एक वनपाल के सूने मकान में चोरों ने सेंध लगा दी। घर के ताले तोड़कर चोर नकदी और सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब परिवार अपने पैतृक गांव जबलपुर के पाटन गया हुआ था। वापस लौटने पर चोरी का खुलासा हुआ।

**जबलपुर से लौटे तो टूटा मिला ताला:** पीड़ित श्री प्रकाश दुबे (36 वर्ष), जो फॉरेस्ट विभाग में वनपाल के पद पर पदस्थ हैं, ने सिविल लाइन थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले वे परिवार सहित अपने पैतृक गांव पाटन, जबलपुर गए थे।

जब शाम 7.30 बजे गणेश पुरम स्थित अपने घर लौटे, तो देखा कि मुख्य गेट और अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूटकेस खुला पड़ा था और उसमें रखी नकदी व गहने गायब थे।

**नकद और गहनों की हुई चोरी:** पीड़ित के अनुसार, चोर घर से 26 हजार रुपए नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया, एक सोने की लोंग, 12 सोने की परत चढ़ी गुरिया की माला और पांच चांदी की चूड़ियां चोरी कर ले गए। चोरी के बाद आसपास के क्षेत्र में तलाश की गई, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला।



**एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत, पुलिस की जांच जारी:** घटना की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश की जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, बुरहानपुर में 7 दुकानों से साबूदाना, मूंगफली और मिठाइयों के सैंपल लिए



**बुरहानपुर ,एजेंसी।** बुरहानपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर व्यापक जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश डाबर के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को कई दुकानों से नमूने एकत्र किए। लक्ष्मणदास गुरमुखदास ट्रेडर्स टेंपो स्टैंड से साबूदाना और भगर के नमूने लिए गए। प्रीतम ट्रेडर्स प्रगति नगर से मूंगफली दाना का नमूना संग्रहित किया गया। स्मार्ट सुपर शॉप से राजगिरा आटा और भगर के नमूने लिए गए।

**विभाग ने कई दुकानों से सैंपल लिए:** मिठाई की दुकानों की भी जांच की गई। भगवती स्वीट्स ईच्छापुर से मिल्क केक, ईच्छापुर स्वीट्स से पेड़ा और जय गजानन स्वीट्स से मिल्क केक के नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए भोपाल भेज दिए गए हैं। विभाग के अनुसार, जांच में अनियमितता पाए जाने पर प्रकरण एडीएम कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग जिले में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर लगातार निगरानी रख रहा है।

# लाशों के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को घेरा, खंडवा में मारने पर उतारू हुए लोग

## बड़ी मुश्किल से थाने ले गई पुलिस



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा के बड़ा कब्रिस्तान में तंत्र क्रिया के लिए कब्र खोदकर लाशों के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी अय्यूब पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाई गई है। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने गुरुवार को ये कार्रवाई की है। आरोपी को जिला जेल में वर्ग-सी में रखे जाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

इधर, आरोपी अय्यूब को लोगों ने घेर लिया। उसे पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश की। आरोपी को मारने पर उतारू लोगों ने पुलिस से कहा कि इसे हमारे हवाले कर दो। दरिंदे को मार डालेंगे। पुलिस कड़ी मशक्कत से आरोपी को बाइक पर बैठाकर वापस थाने ले गई।

दरअसल, गुरुवार शाम को आरोपी अय्यूब पिता इस्माइल अली निवासी ग्राम मुंदवाड़ा को पुलिस कब्रिस्तान ले गई थी। पुलिस उसे यहां मौका पंचनामा और रीक्रिएशन के लिए लेकर पहुंची थी। इसकी जानकारी मुस्लिम समाज को सुबह से लग गई थी। आरोपी और पुलिस के पहुंचने से पहले ही कब्रिस्तान में हजारों लोग जुट गए थे। जिन्होंने आरोपी को यहां लाते ही हंगामा कर दिया। इस मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही और सुरक्षा में चूक देखने को मिली। पुलिस को जानकारी थी कि बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचने वाले हैं, फिर भी आरोपी के साथ महज दो-तीन पुलिसकर्मियों को ही कब्रिस्तान भेजा गया।

**तंत्र क्रिया के लिए संभोग करता था आरोपी:** दो पत्नियों की हत्या कर चुके आरोपी अय्यूब पर करीब 13 मामले दर्ज हैं। उसने कब्रिस्तान में तीन अलग-अलग बार जाकर कब्रों को खोदकर लाशों के साथ दरिंदगी की थी। वह जिस्मानी और रूहानी ताकतों के लिए लाशों के साथ संभोग करता था। साथ ही बाल और नाखून काटकर अपने साथ ले जाता था। वारदात के लिए वह ताजा दफनाई महिलाओं की लाशों को चुनता था। बता दें, 21 सितंबर रविवार को बड़ा कब्रिस्तान में दो कब्रें खुली मिली थीं। इनमें से एक महिला की कब्र थी। परिजन ने बताया कि शव के साथ छेड़छाड़ हुई है।

#### पुलिस ने कब्रिस्तान में लगाए थे सीसीटीवी

पुलिस ने कब्रिस्तान में 13 सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। 21 सितंबर के बाद फुटेज खंगाले गए तो एक संदिग्ध युवक नजर आया। आरोपी की पहचान अय्यूब खान (50), निवासी ग्राम मुंदवाड़ा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे हरसूद से मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया।

#### दो पत्नियों की हत्या कर चुका आरोपी अय्यूब

आरोपी अय्यूब ने 2009 में अपनी पहली पत्नी को जलाकर मार डाला था। 2011 में उसने दूसरी पत्नी की पानी में डुबोकर हत्या की थी। दूसरी पत्नी की हत्या में उसे उम्रकैद हुई थी। 15 मई 2025 को वह इंदौर सेंट्रल जेल से रिहा हुआ। जेल से छूटने के सिर्फ 4 दिन बाद यानी 19 मई को उसने पहली बार कब्रिस्तान में छेड़छाड़ की वारदात कर दी। आरोपी अमावस्या का दिन इसलिए चुनता था, ताकि किसी को लगे कि हिंदू व्यक्ति ने ऐसा किया है।

#### जेल में रहकर सीखी थी तांत्रिक क्रियाएं

पुलिस पूछताछ में अय्यूब ने बताया कि उसने जेल में रहते हुए तंत्र क्रिया सीखी थी। एक कैदी ने उसे समझाया था कि कब्र से लाशों के बाल काटकर उन पर क्रिया करने से शक्ति मिलती है। रिहा होने के बाद उसने इसी वजह से कब्रें खोदना शुरू की।

#### वीडियो में निर्वस्त्र नजर आया था आरोपी

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी निर्वस्त्र नजर आया था। परिवार वालों ने आशंका जताई थी कि उसने शव के साथ दरिंदगी की है। पुलिस सूत्रों ने भी माना कि आरोपी ने पूछताछ में इस बात का जिक्र किया।

# रायसेन में 12 हजार मीटर लंबी चुनरी यात्रा

## 18 किमी पैदल चलेंगे 5000 श्रद्धालु, हाथी घोड़े सहित आठ से ज्यादा झांकियां भी शामिल

**रायसेन,एजेंसी।** रायसेन में नवरात्रि की पंचमी पर शुक्रवार को 12 हजार मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा सांची रोड स्थित माता मंदिर से शुरू होकर 18 किलोमीटर पैदल चलकर खंडेरा स्थित छोले वाली माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने मां को चुनरी अर्पित की। यह चुनरी यात्रा का 13वां वर्ष है।



**हाथी घोड़े के साथ आठ से ज्यादा झांकियां आकर्षित का केंद्र:** यात्रा में आठ से अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें विभिन्न देवी-देवताओं के रूप धारण किए गए थे। इनमें मां काली, शिव-पार्वती और रामलीला की झांकियां विशेष रूप से शामिल थीं। हाथी, घोड़े और ऊंट भी यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे। एक ट्रॉली पर राधा-कृष्ण के साथ नौ देवियों का रूप धारण कर बालिकाएं भी यात्रा में शामिल थीं।

**100 पुलिस जवान संभाल रहे व्यवस्था:** चुनरी यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल सहित ट्रैफिक और पुलिस लाइन के करीब 100 जवानों का बल तैनात किया गया था। पुलिसकर्मी असामाजिक तत्वों और चेन स्नेचिंग करने वालों पर कड़ी नजर रख रहे थे।

यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रोड डायवर्ट किए, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से हो सके। माता की चुनरी के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। श्रद्धालुओं ने सड़कों के दोनों ओर अपनी इमारतों और घरों की छतों पर खड़े होकर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान, जगह-जगह पर लोगों ने चुनरी यात्रा पर पुष्प वर्षा कर पूजा-अर्चना की। यह चुनरी यात्रा मध्य ग्रुप और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सेन द्वारा निकाली गई थी।

## बालाघाट में राइस मिल मशीन ऑपरेटर की मौत:मोबाइल घर में छोड़कर निकला, तालाब में मिला शव; परिजन बोले- कुछ दिनों से था बीमार



**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट के कोतवाली थाना क्षेत्र में सोहनलाल पटले का शव भेड़ाबोड़ी तालाब में मिला है। गर्रा पंचायत के मशीनटोला निवासी सोहनलाल गुरुवार दोपहर से लापता था।

जेके राइस मिल में मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत सोहनलाल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को वह अपना मोबाइल घर में छोड़कर बिना किसी को बताए निकल गए थे। परिजनों ने उन्हें राइस मिल में खोजा, लेकिन मिल बंद थी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह सोहनलाल के चाचा भोजलाल को तालाब के पास पुलिया पर उनका गमछा और चप्पल मिले। परिजनों को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे, जहां तालाब में सोहनलाल का शव तैरता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शमार जोसेफ भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर, इस ऑलराउंडर को मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले वेस्टइंडीज को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर 22 वर्षीय जोहान लेन को टीम में स्थान मिला है।

22 वर्षीय ऑलराउंडर जोहान लेन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू का शानदार मौका है। उन्होंने अब तक 19 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 22.28 की औसत के साथ 66 विकेट निकाले, जिसमें चार बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। इसके अलावा, बल्ले से उन्होंने 495 रन बनाए, जिसमें 2 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। वहीं, 12 लिस्ट-ए मुकाबलों में जोहान 13 विकेट लेने के अलावा, 124 रन जोड़ चुके हैं। लेन को 5 टी20 मैच खेलने का भी अनुभव है।



दूसरी ओर, 11 टेस्ट मैच खेलने वाले शमर जोसेफ ने 21.66 की औसत से 51 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपने पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट हासिल किए थे। भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में पहली बार बाएं हाथ के स्पिनर खैरी पियरे को मौका दिया गया है। 33 वर्षीय इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है, जहां उन्होंने इस सीजन में 13.56 की औसत से सर्वाधिक 41 विकेट हासिल किए थे।

भारत और वेस्टइंडीज की टीमें 2-14 अक्टूबर के बीच दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। पहला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसके बाद दूसरे टेस्ट की शुरुआत 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगी।

भारत-वेस्टइंडीज के बीच यह टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। जून-जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद रोस्टन चेज की अगुवाई वाली टीम का नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में यह दूसरा दौरा होगा।

पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज ने भारत के विरुद्ध 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। यह साल 2018 के बाद वेस्टइंडीज का टेस्ट सीरीज के लिए भारत का पहला दौरा होगा।

भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम~ रोस्टन चेज (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), केवलॉन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, टैगेनारिन चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, तेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, जोहान लेन, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खैरी पियरे और जायडेन सील्स।

## आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 का हुआ औपचारिक उद्घाटन





**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली 2025 का औपचारिक उद्घाटन गुरुवार शाम एनआरएआई के उपाध्यक्ष वी.के. ढल ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में किया। शाम की शुरुआत पारंपरिक गणेश वंदना नृत्य के साथ हुई, जिसके बाद भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए जोशीले भांगड़ा और डांडिया के प्रदर्शन हुए।

एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, देश में पहली बार आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी करना भारत के लिए गर्व की बात है। जूनियर प्रतियोगिताएं ही भविष्य के ओलंपियनों की खोज का आधार होती हैं और यह आयोजन भारतीय निशानेबाजी के लिए एक मील का पत्थर है। मैं सभी एथलीटों और अधिकारियों का हार्दिक स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि आप न केवल पदक बल्कि भारत और यहां बनी दोस्ती की यादें भी अपने साथ ले जाएंगे। आईएसएसएफ के खेल निदेशक पीटर अंडरहिल ने कहा, भारत ने विश्व स्तरीय सुविधाओं और प्रतिबद्ध आयोजकों के साथ निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी में उच्च मानक स्थापित किए हैं। इस तरह के जूनियर इवेंट हमारे खेल के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह देखना प्रेरणादायक है कि एनआरएआई युवाओं को प्राथमिकता दे रहा है और एक ऐसा मंच तैयार कर रहा है, जहां युवा एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक एस.बी.के. सिंह, भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव, आईएसएसएफ के खेल निदेशक पीटर अंडरहिल, एनआरएआई के आयोजन सचिव और महासचिव के. सुल्तान सिंह, एनआरएआई जूनियर विश्व कप के तकनीकी प्रतिनिधि हेनरी ओका और एनआरएआई शासी निकाय के सदस्य उपस्थित थे। 18 देशों के 208 युवा एथलीटों के साथ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने वैश्विक जूनियर शूटिंग कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक की शानदार शुरुआत को चिह्नित किया।

## लीसा काइटली बनी मुंबई इंडियंस महिला टीम की मुख्य कोच

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने आज पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा काइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। 1997 और 2005 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहीं काइटली महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। अपने शानदार खेल करियर और ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ, वह मुंबई इंडियंस टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी।



लीसा काइटली ने कहा, मुंबई इंडियंस में शामिल होना सम्मान की बात है, एक ऐसी टीम जिसने WPL में कई मानक स्थापित किए हैं। मैं टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूँ ताकि हम अपनी सफलता को और आगे बढ़ा सकें और मैदान के अंदर और बाहर नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहें। काइटली, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों महिला टीमों की कोच रही हैं। वह इंग्लैंड की पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाली पहली महिला थीं।

# भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट में खेले गए फाइनल मुकाबले, जानें कैसा रहा रिकॉर्ड?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत-पाकिस्तान के बीच भिड़ंत होने जा रही है। यह मुकाबला रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। दोनों देश 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज के फाइनल में आमने-सामने होंगे। आइए, अब तक के रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं। इसके बाद अप्रैल 1986 में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रल-एशिया कप अपने नाम किया। अक्टूबर 1991 में विल्स ट्रॉफी के फाइनल में एक बार फिर भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी। अप्रैल 1994 में पाकिस्तान ने एक बार फिर ऑस्ट्रल-एशिया कप अपने नाम किया। इसके बाद जनवरी 1998 में सिल्वर जुबली इंडिपेंडेंस कप ट्राई सीरीज में दोनों देशों के बीच तीन फाइनल खेले गए, जिसमें भारत ने पहला फाइनल 8 विकेट से



जीता। दूसरा फाइनल पाकिस्तान ने 6 विकेट से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने तीसरा फाइनल 3 विकेट से जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। अप्रैल 1999 में पेप्सी कप के फाइनल में पाकिस्तान ने 123 रन से जीत दर्ज की। अप्रैल 1999 में कोका-कोला कप के फाइनल में भारत को एक बार फिर शिकस्त झेलनी पड़ी। जून 2008 में किटप्लाई कप के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 25 रन से हराया, जबकि जून 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी पाकिस्तान ने अपने नाम किया। वनडे फॉर्मेट के 11 फाइनल में पाकिस्तान ने 8 जीते हैं, जबकि भारत की टीम सिर्फ 3 ही फाइनल अपने नाम कर सकी। वहीं, टी20 फॉर्मेट में दूसरी बार दोनों देश खिताबी मैच में आमने-सामने होंगे। पहली बार भारत-पाकिस्तान की टीमें टी20 वर्ल्ड कप 2007 के फाइनल में भिड़ी थीं, जिसमें महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने रोमांचक जीत हासिल की थी। एशिया कप (टी20 फॉर्मेट) के फाइनल में पहली बार भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। एशिया कप 2025 में दोनों देश तीसरी बार आमने-सामने होंगे। बीते दोनों मुकाबलों में पाकिस्तान को करारी हार मिली है। पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को ग्रुप-ए के मुकाबले में टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान को 127/9 के स्कोर पर रोकने के बाद भारत ने 15.5 ओवरों में 7 विकेट शेष रहते मुकाबला अपने नाम किया। इसके बाद दोनों देश 21 सितंबर को आमने-सामने थे, जिसमें पाकिस्तान को 171/5 के स्कोर पर रोकने के बाद भारत ने 18.5 ओवरों में 6 विकेट शेष रहते जीत दर्ज की।

## एक बार फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट से जुड़े गैरी स्टीड, जानिए या होगी जिमेदारी?

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** गैरी स्टीड एक बार फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ हाई-परफॉर्मेंस कोच के रूप में शामिल हो गए हैं। स्टीड 7 साल तक राष्ट्रीय पुरुष टीम के हेड कोच रहने के बाद तीन महीने पहले पद छोड़ चुके थे। वह न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के सबसे सफल कोच रहे हैं।

गैरी स्टीड ने कहा, न्यूजीलैंड क्रिकेट करीब 30 वर्षों से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। जिस खेल से मैं प्यार करता हूं, उसमें योगदान जारी रखना बहुत खास है। मैं अब भी कोचिंग को लेकर जुनूनी हूं। खिलाड़ियों को सीखने और बेहतर बनाने में मदद करना चाहता हूं। अगर मैं अपना कौशल और अनुभव क्रिकेट जगत के साथ साझा कर सका और इसके जरिए ब्लैककैप्सऔर व्हाइट फर्न्स को विश्व स्तर पर जीतने में सहयोग कर सका, तो यह मेरे लिए बेहद संतोषजनक होगा।



उन्होंने कहा, मुझे न्यूजीलैंड क्रिकेट से बाहर काम करने का मौका मिला, जिससे मैं अपने कौशल और अनुभव को और व्यापक बना सका। मैं इसकी सराहना करता हूं। उम्मीद है कि मैं जो कुछ सीखूंगा, उसे वापस हमारे क्रिकेट माहौल में ला पाऊंगा।

स्टीड भारत में आंध्र क्रिकेट संघ के साथ पुरुष टीम के हेड कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने शीतकालीन प्री-सीजन में ओटागो क्रिकेट को अंतरिम कोचिंग सहायता प्रदान की। इस महीने वह न्यूजीलैंड अंडर-19 कैंप से भी जुड़े रहे।

न्यूजीलैंड के चीफ हाई-परफॉर्मेंस ऑफिसर डेरिल गिब्सन ने कहा, ÷गैरी का क्रिकेट संबंधी ज्ञान और अनुभव बेहद व्यापक है। वह अब भी खेल के प्रति जुनूनी और प्रेरित हैं। उनके आगमन से हमारे राष्ट्रीय और घरेलू कोच, खिलाड़ियों और स्टाफ को उनके अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

स्टीड ने पुरुष राष्ट्रीय टीम के हेड कोच के रूप में 2021 में पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीता। उनकी कोचिंग में न्यूजीलैंड ने पिछले साल भारत में 3-0 से टेस्ट सीरीज जीती।

गैरी स्टीड ने सबसे पहले 2004-2009 तक न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) में बतौर कोच डेवलपमेंट मैनेजर काम किया। इसके बाद 2005-06 में एनजेडसी अकादमी में असिस्टेंट कोच बने। 2009-2012 तक न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली।

इसके बाद स्टीड 2012-2018 तक कैंटरबरी टीम के हेड कोच और डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट रहे। साल 2018 में उन्होंने न्यूजीलैंड पुरुष सीनियर टीम के हेड कोच का पद संभाला।

## एशिया कप - 41 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल खेलेंगे भारत-पाकिस्तान

### जानें किस टीम ने कितनी बार जीता खिताब ?

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** एशिया कप 2025 के फाइनल में कौन सी दो टीमें आमने-सामने होंगी। इसकी तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो चुकी है। 28 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा।

1984 में हुए पहले एशिया कप का फाइनल भारत और श्रीलंका के बीच यूएई में खेला गया था। भारत विजेता रही थी। 1986 में श्रीलंका में दूसरा एशिया कप खेला गया था। श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। 1988 में बांग्लादेश में हुए तीसरे एशिया कप में फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराया था। 1990 में भारत में हुए चौथे एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर विजेता रही थी। 1995 में यूएई में हुए पांचवें एशिया कप में भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर विजेता रही थी। 1997 में श्रीलंका आयोजित छठे एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका ने भारत को हराया था।



2000 में एशिया कप का सातवां संस्करण बांग्लादेश में हुआ था। श्रीलंका को हराकर पाकिस्तान विजेता बनी थी। 2004 में श्रीलंका में आयोजित एशिया कप के आठवें संस्करण में श्रीलंका भारत को हराकर चैंपियन बनी थी। 2008 में एशिया कप का नवां संस्करण पाकिस्तान में हुआ था। भारत को हराकर श्रीलंका विजयी रही थी। 2010 में एशिया कप का दसवां संस्करण श्रीलंका में खेला गया था। भारत ने श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था। 2012 में एशिया कप का ग्यारहवां संस्करण बांग्लादेश में हुआ था। बांग्लादेश को हराकर पाकिस्तान चैंपियन रही थी।

2014 में एशिया कप का बारहवां संस्करण बांग्लादेश में हुआ था। पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका चैंपियन बनी थी। 2016 में एशिया कप (13 वां संस्करण) पहली बार टी20 फॉर्मेट में खेला गया था। बांग्लादेश में आयोजित टूर्नामेंट में भारत चैंपियन रही थी। हारने वाली टीम बांग्लादेश देश थी। 2018 में यूएई में एशिया कप (14 वां संस्करण) वनडे फॉर्मेट में हुआ था। बांग्लादेश को हराकर भारतीय टीम विजेता रही थी। 2022 में दूसरी बार एशिया कप (15 वां संस्करण) का आयोजन टी20 फॉर्मेट में यूएई में हुआ था। फाइनल में पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका चैंपियन रही थी। 2023 में एशिया कप (16 वां संस्करण) पाकिस्तान-श्रीलंका की सह-मेजबानी में खेला गया था। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को हराया था।

भारत एशिया कप की सफलतम टीम है और आठ बार खिताब जीत चुकी है। छह खिताब के साथ श्रीलंका दूसरी सफलतम टीम है। पाकिस्तान दो बार एशिया कप जीती है।

### विमेंस उराखंड प्रीमियर लीग

## टिहरी क्वीन्स ने रोमांचक मुकाबले में मसूरी थंडर्स को तीन विकेट से हराया

**देहरादून, एजेंसी।** ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में मसूरी थंडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 101/5 रन बनाए। रीना जिंदल ने 40 गेंदों में 34 रन बनाकर पारी को संभाला। उनके साथ ओपनर कंचन परिहार (21), सिदरा फारुखी (16) और कप्तान अमीषा बहुखंडी (12) ने उपयोगी योगदान दिया, जबकि बाकी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके।



कप्तान नीलम भारद्वाज ने 10 गेंदों पर 11 रन बनाए और चौथे ओवर तक स्कोर 27 तक पहुंचाया, लेकिन उन्हें तारा बिष्ट ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद ओपनर आरती भंडारी और अंकिता बिष्ट ने चौथे विकेट के लिए 47 रन की अहम साझेदारी निभाई। अंकिता बिष्ट ने रन-ए-बॉल 30 रन बनाए, जबकि आरती भंडारी ने 34 गेंदों पर 26 रन बनाए। हालांकि, बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टिहरी क्वीन्स का स्कोर 94/7 हो गया।

कप्तान अमीषा बहुखंडी ने भी एक विकेट झटका। लेकिन यशिका बौंठियाल और कनिका नेगी ने दबाव में संयम रखा और आखिरी ओवर में यशिका की चौके ने टिहरी क्वीन्स को जीत दिला दी। इस जीत के साथ टिहरी क्वीन्स ने ग्रुप स्टेज में शत-प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड कायम रखा। अब फाइनल में उनका मुकाबला शुक्रवार दोपहर हरिद्वार स्टॉर्म से होगा। दोनों टीमें विमेंस उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 का पहला खिताब जीतकर ट्रॉफी घर ले जाने के लिए आमने-सामने होंगी।

## सूर्यकुमार यादव को राजनीतिक बयान न देने का आईसीसी ने दिया निर्देश - रिपोर्ट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव गुरुवार को दुबई में 21 सितंबर को पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए मैच के बाद अपने कथित राजनीतिक बयानों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के समक्ष पेश हुए।



रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव, बीसीसीआई के सीओओ हेमंग अमीन और क्रिकेट संचालन प्रबंधक सुमीत मल्लापुरकर के साथ समिति के समक्ष पेश हुए। उन्हें उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के वीडियो क्लिप दिखाए गए और उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने ये बयान दिए थे।

यह सुनवाई पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा एशिया कप के ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम की जीत के बाद सूर्या के राजनीतिक बयानों के बारे में आईसीसी से शिकायत के आधार पर हुई।

भारत की जीत के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान यादव ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और भारतीय सेना का जिक्र किया था।

भारतीय टी20 कप्तान ने टॉस के समय अपने समकक्ष सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया, जबकि मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पारंपरिक हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने खेल भावना का उल्लंघन किया, तो उनका जवाब था, खेल भावना से बढ़कर कुछ नहीं है। हम पहलगाम आतंकी हमले के सभी पीड़ितों के साथ खड़े हैं और इसे ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेने वाले सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं।

टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट के मुताबिक आईसीसी ने सूर्यकुमार यादव को कहा है कि हर कोई राजनीतिक बातें करेगा, तो इसे संभालना मुश्किल हो जाएगा।

वहीं, रिपोर्ट के मुताबिक दो पाकिस्तानी खिलाड़ियों साहिबजादा फरहान और हारिस रऊफ को भी आईसीसी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। दोनों शुक्रवार को समिति के सामने पेश होंगे। हाल ही में सुपर 4 चरण के मैच के दौरान उनके आपत्तिजनक और राजनीतिक हाव-भाव को लेकर भारत की शिकायत के बाद उन्हें तलब किया गया है। फरहान और रऊफ गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलने के कारण अदालत में पेश नहीं हुए।

## पीकेएल-12: यूपी योद्धाज की लगातार दूसरी जीत, टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को दी मात

**जयपुर, एजेंसी।** यूपी योद्धाज ने भवानी राजपूत और गगन गौड़ा के दम पर गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 49वें मैच में बेंगलुरु बुल्स को टाई ब्रेकर में 6-5 से हरा दिया। यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए मैच में निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच स्कोर 36-36 से बराबर पर रहा। इसके बाद मुकाबला टाई ब्रेकर में चला गया, जहां यूपी योद्धाज ने रोमांचक जीत दर्ज कर ली।

मैच की बात करें तो यूपी योद्धाज ने टॉस जीतकर पहली रेड की और गगम गौड़ा ने पहली ही रेड में प्वाइंट अर्जित कर लिया। लेकिन बेंगलुरु ने भी तेज तर्रार शुरुआत की और पहले पांच मिनट तक यूपी को 5-5 की बराबरी पर रोके रखा। लेकिन बेंगलुरु ने आशीष मलिक के शानदार रेड के दम पर पहले हाफ के



शुरुआती 10 मिनटों के खेल में खुद को 11-7 से आगे रखा। बेंगलुरु ने इसके बाद अलीरैजा के दम पर यूपी को ऑलआउट करके स्कोर को 15-8 तक पहुंचा दिया। 17वें मिनट में बेंगलुरु बुल्स ने इस मैच का पहला सुपर टैकल करके दो अंक और हासिल कर लिए और इसी के साथ खुद को ऑलआउट होने से बचा लिया।


बुल्स की लीड अब 18-12 की हो चुकी थी। बुल्स के लिए आकाश शिंदे ने डू ऑर डाई में एक और अंक जरूर लिए, लेकिन टीम खुद को ऑलआउट होने से नहीं बचा सकी। इस तरह पहले हाफ तक बेंगलुरु बुल्स की टीम 20-19 से आगे थी। पहले हाफ में बेंगलुरु के लिए ऑलराउंडर अलीरैजा मीरजेई और यूपी के लिए भवानी राजपूत ने छह-छह अंक बटोरे। मुकाबले का दूसरे हाफ शुरू होते ही दोनों टीमें 20-20 की बराबरी पर आ चुकी थी। यूपी योद्धाज लय में लौट ही रही थी कि भवानी राजपूत मैच में पहली बार आउट हो गए। मुकाबले के 27वें मिनट में अलीरेजा मीरजेन फिर से डू ऑर डाई में टैकल कर लिए गए और यूपी ने इस तरह 30वें मिनट तक स्कोर को 24-24 की बराबरी पर ला दिया। इस बीच, भवानी राजपूत ने अगली डू ऑर डाई रेड में सुपर रेड लगाकर यूपी को तीन अंक दिला दिए। यूपी योद्धाज इसके साथ ही 27-24 से लीड में आ गई। यूपी योद्धाज ने 32वें मिनट में बेंगलुरु बुल्स को ऑलआउट करके अपनी लीड को 31-26 तक पहुंचा दिया। हालांकि बुल्स ने डिफेंस में अंक लेकर इस लीड को कम करने की कोशिश की। 37वें मिनट में गुमान सिंह डू ऑर डाई में टैकल कर लिए गए इसके बाद भी यूपी 35-32 से आगे थी।

# श्रीरामजन्म से लक्ष्मण-परशुराम संवाद तक के प्रसंगों का मंचन, दर्शक हुए भाव विभोर

## राघव प्रयाग घाट-चित्रकूट में अन्तरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव, 30 सितंबर तक श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंग

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** भारतीय संस्कृति में लीला केवल धार्मिक या पौराणिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि लोकमानस का जीवंत उत्सव है। इसी प्रयास के साथ मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन सतना के सहयोग से 24 से 30 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से 'अन्तर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का आयोजन श्रीराघव प्रयाग घाट, चित्रकूट में आयोजन किया गया है। इस सात दिवसीय प्रतिष्ठित आयोजन में सभी सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश निःशुल्क है।





उत्सव में सांस्कृतिक कला संगम नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा लीला प्रस्तुति दी गई। गुरूवार को श्रीरामजन्म, विद्या अभ्यास, ताड़का वध, अहल्या उद्धार, पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद प्रसंगों का मंचन किया। महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ किया। महाराज ने समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों तथा वेदविज्ञ प्रकाण्ड पण्डितों को आमंत्रण भेजा। यज्ञ का समय आने पर महाराजा दशरथ गुरु वशिष्ठ जी समेत यज्ञ मण्डप में आते हैं और फिर विधिवत यज्ञ का शुभारंभ किया गया और यज्ञ से प्राप्त प्रसाद को तीनों रानियों में बांटा गया। इसके बाद श्रीराम एवं अन्य तीन भाईयों का जन्म हुआ। मंचन में श्रीराम के बचपन की मनोहारी झलकियां प्रस्तुत की गईं। कथा में महर्षि विश्वामित्र का आगमन हुआ। मंचन में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे। उन्होंने यज्ञ में राक्षसों द्वारा डाली जा रही बाधाओं का जिक्र किया। विश्वामित्र ने श्रीराम और लक्ष्मण को वन ले जाने की अनुमति मांगी। राजा दशरथ ने धर्म का पालन करते हुए अनुमति दे दी। वन में विश्वामित्र के निर्देश पर श्री राम ने एक ही बाण से राक्षसी ताड़का का वध किया। इसके बाद मारीच और सुबाहु ने श्री राम से युद्ध किया। श्री राम ने उन दोनों का भी वध कर दिया। उधर महाराज जनक द्वारा जनकपुर में सीता स्वयंवर रचाया गया था। निमंत्रण पाकर विश्वामित्र, श्रीराम व लक्ष्मण के साथ जनकपुर के लिए प्रस्थान करते हैं। रास्ते में श्रीराम ने शिला देखी। विश्वामित्र ने बताया कि हे राम यह शिला गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या की है। गौतम ऋषि ने अपनी पत्नी को श्राप देकर शिला बना दिया है। हे राम ऋषि पत्नी अहिल्या आपके चरण रज को चाहती हैं। यह सुन श्रीराम ने शिला को अपने चरणों से स्पर्श किया। इसके बाद शिला नारी के रूप में परिवर्तित हो गई। महाराज जनक विश्वामित्र को एक सुंदर आश्रम में विश्राम कराते हैं। दूसरे दिन गुरु विश्वामित्र के निर्देश पर पूजा के लिए पुष्प लेने के लिए राम लक्ष्मण वाटिका पहुंचते है। वहां सीता जी भी सखियों के साथ पहुंचती हैं। यहां श्रीराम-सीता का मिलन होता है। यह मिल देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

इसी प्रकार 26 सितम्बर को विदेशी लीला-इण्डोनेशिया, श्रीराम विवाह, सीता विदाई, मंथरा कैकेई संवाद, दशरथ-कैकेई संवाद, श्रीराम वनवास, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, 27 सितम्बर को विदेशी लीला-वियतनाम अनुसुइया उपदेश, पंचवटी प्रसंग, सीता हरण, जटायु वध, श्रीराम प्रतिज्ञा, 28 सितम्बर को शबरी प्रसंग, हनुमान मिलन, बालि वध, लंका दहन, विभीषण शरणागत, लक्ष्मण मूर्छा, रावण-अंगद संवाद, कुंभकरण वध, 29 सितम्बर को विदेशी लीला-मलेशिया मेघनाद वध, श्रीराम-लक्ष्मण हरण तथा 30 सितम्बर को हनुमान का पाताललोक मे प्रवेश, मकरध्वज संवाद, अहिरावण वध, रावण का उपदेश, श्रीराम-रावण युद्ध, रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

# रेलवे कॉलोनी में देवी जागरण 29 को

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** स्थानीय रेलवे कॉलोनी में 29 सितम्बर को देवी जागरण का आयोजन किया गया है। यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समस्त भक्त उपस्थित होकर माता के भजनों का आनंद लेंगे।

इस संबंध में आयोजन समिति एवं भारतीय जनमोर्चा पार्टी के जितेंद्र राय, भूपेंद्र सिंह, रविशंकर यादव, दिलीप बुनकर, अनूप सतनहा, विष्णु गुप्ता, संजीव शर्मा, मनोज मिश्रा, रघु दाहिया, मनोज शुक्ला, प्रिंस सिंह, सोनू सिंह आदि ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे उक्त दिवस पर रात्रि आठ बजे उपस्थित होने का कष्ट करें।

**इंडोनेशिया व वियतनाम की रामलीला:** भारतीय संस्कृति में लीला केवल धार्मिक या पौराणिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि लोकमानस का जीवंत उत्सव है। इसी प्रयास के साथ मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन सतना के सहयोग से 24 से 30 सितम्बर, 2025 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन श्रीराघव प्रयाग घाट चित्रकूट में किया जा रहा है। इस सात दिवसीय प्रतिष्ठित आयोजन में सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। प्रवेश निःशुल्क है। समारोह के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीसनकादिक महाराज, श्रीरामहृदय दास महाराज, डॉ. मदनगोपाल दास, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सी.एम राइज स्कूल कोटर में थाना प्रभारी द्वारा मै अभिमन्यु कार्यक्रम का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, कोटर ( निप्र )।** नगर परिषद कोटर के वार्ड क्रमांक 12 बस स्टैंड में संचालित सी.एम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप मिश्रा के द्वारा मै अभिमन्यु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 8, 9, 10, 11 और 12 में अध्ययनरत बालिकाओं को अपराधों की रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया।

थाना प्रभारी ने बालिकाओं को बताया कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, छेड़छाड़, छीटाकसी या कोई असामाजिक तत्व उनका पीछा करता है, तो वे तुरंत उन्हें अपने मोबाइल नंबर पर सूचना दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे तत्काल उनकी मदद करेंगे और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान कार्यक्रम में सी.एम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामनिवास सिंह, एनसीसी अधिकारी विभूतिभूषण पांडे, सुषमा सिंह, संतोष सिंह, अर्पणा सिंह, दुर्गा सिंह, अभय राज रावत, सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र चौबे, सहायक उप निरीक्षक केदार प्रसाद वर्मा, समाजसेवी पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, आरक्षक चंदन दुबे और विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

# चार दर्शनार्थी घायल, एनएच-30 पर बाइक ने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को मारी टक्कर

**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में चार दर्शनार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नादन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (एनएच 30) पर हुआ, जहां एक बाइक ने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को पीछे से टक्कर मार दी। घायलों को इलाज के लिए मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, रीवा से मैहर की ओर मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग निलेश यादव (18), शीतल गुप्ता (19) और अमित तिवारी (17) मैहर माता के दर्शन करने आ रहे थे। वहीं, सीधी से मैहर की तरफ पैदल जा रहे श्रद्धालुओं में अंकुश बंसल (17) भी शामिल थे।

नादन देहात थाना क्षेत्र में एनएच 30 पर पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ने पैदल चल रहे अंकुश बंसल और उनके साथियों को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार तीनों युवक और पैदल चल रहे अंकुश बंसल गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरक्षक ऋषभ छारी डायल 112 टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को तुरंत मैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रैगांव में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा अभियान के दौरान स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि जब नारी स्वस्थ होती है तो पूरा परिवार सशक्त और समाज समृद्ध बनता है। महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, जागरूकता और सशक्तिकरण पर केंद्रित यह पहल, आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की



आधारशिला है। इस अवसर पर उपस्थित माताओं, बहनों और बेटियों को स्वास्थ्य संबंधी, परामर्श एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी दी गई। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चल रहे ऐसे कार्यक्रम सबका स्वास्थ्य सबका विकास के संकल्प को सशक्त बना रहे हैं। राज्यमंत्री ने शिविर में प्रतीक स्वरूप अक्षय मित्र योजना के तहत चिन्हांकित मरीजों को न्यूट्रिन बास्केट भी वितरित किये।

# व्यवसायिक निर्माण कार्य कराने हेतु आनलाइन आवेदन करें

**सतना।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 अंतर्गत निर्माण कार्य प्रारंभ होने, कराये जाने पर भवन एवं अन्य संनिर्माण निर्माण कर्मकार अधिकार अधिनियम 1996 की धारा 7 के अंतर्गत प्रत्येक नियोजक को स्थापना का पंजीयन करवाया जाना अधिनियमित है। सहायक श्रमायुक्त सतना द्वारा सूचित किया गया है कि ऐसे व्यवसायिक निर्माण कार्य कराये जाने पर उक्त अधिनियम अंतर्गत स्थापना का पंजीयन हेतु श्रम विभागीय पोर्टल पर स्वयं या अपने नजदीकी एमपी आनलाइन सेंटर, कियोस्क सेंटर से सम्पर्क आवेदन कर सकते हैं।

# सतना-चित्रकूट मार्ग की तत्काल मरम्मत कराए एमपीआरडीसी

**मीडिया ऑडीटर, मझगवां ( निप्र )।** एसडीएम आईएएस महिपाल सिंह गुर्जर ने संभागीय प्रबंधक मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम रीवा को पत्र लिखकर मझगवां अनुभाग अंतर्गत आने वाली सतना-चित्रकूट मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में चेतावनी दी है कि दीपावली मेले के दौरान इस सड़क पर अधिक संख्या में वाहन चलेंगे, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मार्ग में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

एसडीएम गुर्जर ने स्पष्ट किया कि यदि सड़क का जल्द मरम्मतीकरण नहीं किया गया, तो दुर्घटनाओं के विरोध में होने वाले चक्काजाम और कानून-व्यवस्था की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

# सरकारी काम के लिए श्रृंगी पर्वत से अवैध खनन

## पोकलेन मशीन से मिट्टी निकाली, एसडीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** धार्मिक महत्व वाले चित्रकूट के श्रृंगी पर्वत पर अवैध खनन का खेल थम नहीं रहा। बुधवार की आधी रात यहां एक पोकलेन मशीन मिट्टी खनन करती हुई पकड़ी गई। जानकारी मिलते ही एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने नायब तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया को मौके पर भेजा और मशीन जब्त करने के निर्देश दिए।



**सरकारी काम के लिए ही हो रही खुदाई:** सूत्रों के अनुसार यह मिट्टी सरकारी काम में इस्तेमाल हो रही है। मंदाकिनी नदी के तटबंध की फिलिंग में पहले घटिया मिट्टी का उपयोग हुआ था, जो बह गई। अब उसे ढकने के लिए धार्मिक महत्व वाले पर्वत से अवैध रूप से मिट्टी खोदकर लाई जा रही थी। इस काम में जल संसाधन विभाग के एक अफसर का नाम भी सामने आया है।

श्रृंगी पर्वत की जमीन पहले से ही भू-माफियाओं के निशाने पर है। यहां प्लॉटिंग करके सात रजिस्ट्रियां तक की जा चुकी हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस पहले ही रजिस्ट्री के नामांतरण पर रोक लगा चुके हैं।

# स्कॉर्पियो से बकरी को उठा ले गए दो बदमाश, सड़क पर घूमते हुए रेकी की; गाड़ी में डाला और फरार

**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** जिले के अमरपाटन में बकरी चोरी का मामला सामने आया है। रामनगर रोड स्थित चिकान मोहल्ले के निवासी शंकर चिकवा की बकरी को अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। घटना 20 सितंबर की है। इसका सीसीटीवी अब सामने आया है।

शंकर ने पुलिस को बताया कि 20 सितंबर को सुबह उन्होंने अपनी बकरी को घर के पास चरने के लिए छोड़ा था। शाम तक बकरी घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास खोजबीन की। पास की दुकान के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि शाम करीब 4 बजे एक सिल्वर कलर की स्कॉर्पियो (एमपी20 सीए 1036) से दो व्यक्ति उतरे।

बदमाशों ने पहले इलाके की रेकी की। फिर बकरी को गाड़ी में डालकर रामनगर मोड़ की तरफ ले गए। चोरी की गई बकरी भूरे रंग की थी। उसकी उम्र डेढ़ वर्ष और कीमत लगभग 15 हजार रुपये थी।



फरियादी ने सीसीटीवी फुटेज को पेनड्राइव में सेव कर पुलिस को देने की बात कही है। थाना अमरपाटन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुरली भवन इलाके में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** कोलगवां थाना क्षेत्र के मुरली भवन स्थित सिंधियों की मढ़ी के बगल वाली गली में अवैध शराब की बिक्री का कारोबार बेखौफ चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाल्मीकि लोनिया नामक युवक बस स्टैंड स्थित एक शराब ठेकेदार की अवैध शराब क्षेत्र में धड़ल्ले से खपा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, यह युवक शराब ठेकेदार से प्राप्त शराब को एक पंडित दलाल के माध्यम से हासिल करता है, जिसकी पुलिस से सेटिंग होने की खबर भी है। इस अवैध कारोबार के चलते क्षेत्र में अपराध और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

# मैहर में सीवरेज परियोजना का काम जल्द होगा पूरा, 75 हजार से अधिक की आबादी को मिलेगा लाभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से माता शारदा की नगरी मैहर में सीवरेज परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना शहर के समग्र विकास के साथ जनस्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना के अंतर्गत 15 हजार से अधिक घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़े जाने का कार्यक्रम है, जिससे लगभग 75 हजार से अधिक की आबादी को सीधा लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही मैहर में माता शारदा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुजन भी इस सुविधा से लाभान्वित होंगे। इस परियोजना से शहर की स्वच्छता और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव आएगा।



एशियन डेवलपमेंट बैंक की 160 करोड़ 34 लाख रुपये लागत वाली परियोजना में 10 वर्षों के संचालन और संधारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। शहर में करीब 130 किलोमीटर सीवरेज लाइन बिछाई जा रही है, इसमें से अब तक 104 किलोमीटर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। कार्य की तेज गति को देखते हुए यह अनुमान है कि शेष कार्य भी तय समय-सीमा में पूरा होगा। परियोजना के पूर्ण होने पर न सिर्फ मल-जल के शोधन की आधुनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि इससे जल जनित बीमारियों में कमी, स्वास्थ्य में सुधार और सड़कों व नालियों की स्वच्छता सुनिश्चित होगी।

नालियों में गंदा पानी बहने की समस्या समाप्त होगी और वातावरण अधिक स्वच्छ व सुरक्षित बन सकेगा। यह सीवरेज परियोजना स्वच्छ भारत मिशन और सतत नगरीय विकास की दिशा में एक ठोस पहल है, जो मैहर को एक आधुनिक, स्वच्छ और स्वस्थ नगरी के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# आदि कर्मयोगी अभियान 2 तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 2 अक्टूबर तक सतना एवं मैहर जिले के कुल 321 ग्रामों में ग्राम स्तरीय गतिविधियां संचालित होंगी। जिसमें सतना जिले के 286 ग्राम एवं मैहर जिले के 35 ग्राम शामिल है। ग्राम स्तरीय नोडल, कलस्टर मास्टर ट्रेनर, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, वन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग के कलस्टर, पर्यवेक्षण, ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, नोडल सीएसओ/एनजीओ प्रतिनिधि सहित विद्यार्थी, हितग्राही, भावी हितग्राही एवं अन्य ग्रामीण जन सम्मिलित होंगे।

# 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** वरिष्ठजनों को आत्मीय सम्मान देने के लिये 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय समाज के परम्परागत मूल्यों में वरिष्ठजनों को सम्मान देने, देखभाल करने पर बल दिया गया है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समाज में धीरे-धीरे संयुक्त प्रणाली का विघटन होने के परिणाम स्वरूप भावनात्मक, शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सुरक्षा के अभाव में वरिश्ठजनों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वृद्धजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा आर्थिक जरूरतों को पूरा करने और वृद्धजनों की भावनात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनषील सामाजिक वातावरण निर्माण किये जाने की नितान्त आवश्यकता है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।